रोहतक
बुधवार, 3 जुलाई 2024
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष,
द्वादशी+त्रयोदशी वर्ष : 28, अंक : 157
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 35.6
न्यून. 27.6

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



हाथरस में हुए भीषण हादसे में अपने बच्चे की मौत के बाद विलाप करती एक महिला।

## खबर संक्षेप

### नीट-पीजी परीक्षा अगस्त में होने की संभावना

**नई दिल्ली।** नीट-पीजी 2024 अगस्त मध्य में होने की संभावना है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। मेडिकल कॉलेजों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए इस प्रवेश परीक्षा की संशोधित तिथि की घोषणा इस सप्ताह होने की उम्मीद है। परीक्षाओं को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय में बैठक में एनबीईएमएस के साथ टीसीएस और साइबर प्रकोष्ठ के अधिकारियों से चर्चा की। भाषा

### राजिंदर खन्ना अतिरिक्त एनएसए नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के पूर्व प्रमुख राजिंदर खन्ना को अतिरिक्त राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया गया है। खन्ना को डिप्टी एनएसए के पद से पदोन्नत कर यह नया कार्यभार सौंपा गया है। यह पहली बार है जब किसी को अतिरिक्त एनएसए के पद पर नियुक्त किया गया है। एजेंसी

### नीट-यूजी विवाद : आठ जुलाई को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट विवादों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी' से जुड़ी याचिकाओं पर आठ जुलाई को सुनवाई करेगा। इनमें 5 मई को परीक्षा में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली तथा इसे नए सिरे से कराए जाने का अनुरोध करने वाली याचिकाएं भी शामिल हैं। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ 26 याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। भाषा

### चलती बस से कूदने पर 10 अमरनाथ यात्री घायल

**बनिहाल/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रामबन में अमरनाथ यात्रा से लौट रहे 10 तीर्थयात्री चलती बस से कूदने पर घायल हो गए। यह घटना उस वक्त हुई, जब चालक ने यात्रियों को बताया कि बस के ब्रेक फेल हो गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सैन्यकर्मियों और पुलिस कर्मियों ने बस को रोक लिया, जिससे जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर संभावित दुर्घटना टल गई। भाषा

### शूटिंग के दौरान सलमान पर हमले की थी साजिश

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की हत्या की साजिश मामले में शामिल एक आरोपित ने एक फिल्म की शूटिंग के दौरान उन पर हमला करने का षडयंत्र रचा था। यह जानकारी पुलिस के एक अधिकारी ने आरोप पत्र के हवाले से दी गई है। जांच के दौरान पता चला कि जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने गिरोह के सदस्यों को अभिनेता पर हमला करने के लिए 25 लाख की सुपारी दी थी। भाषा

**हर तरफ चीत्कार :** सत्संग में 20,000 से अधिक लोगों की भीड़ जमा थी, अस्पताल के बाहर बिखरी पड़ी लाशें

**टेंपू से मॉर्चरी पहुंचाए गए शव, हर तरफ मचा हाहाकार**

# हाथरस में सत्संग के बाद भगदड़ 122 की मौत, 155 लोग घायल

साकार विश्व हरि भोले बाबा के अनुयायी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली और उत्तराखंड में सबसे ज्यादा

भाषा ▸▸| हाथरस (उप्र)

हाथरस जिले के सिकन्दराराऊ क्षेत्र में आयोजित एक सत्संग के दौरान मंगलवार को भगदड़ मच गई, जिसमें 122 लोगों की मौत हो गई, जबकि 155 से अधिक लोग घायल हुए हैं। हालांकि आईजी शलभ माथुर ने 116 लोगों की मौत की पुष्टि की है। अस्पताल के बाहर लाशें बिखरी पड़ी हैं। शवों को टेंपू में भरकर मॉर्चरी पहुंचाया जा रहा है। हर तरफ हाहाकार मचा है। कई लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। हादसा हाथरस जिले से 47 किमी दूर फुलरई गांव में हुआ है। बताया जा रहा है कि यहां यहां भोलेबाबा का सत्संग चल रहा था। सत्संग समाप्त होने के बाद यहां से जैसे भी भीड़ निकलना शुरू हुई तो भगदड़ मच गई। हादसे के समय 20,000 से अधिक लोग पंडाल में मौजूद थे। अचानक भगदड़ मची और लोग एक दूसरे को कुचलते हुए भागने लगे। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, संदीप सिंह घटना स्थल पर पहुंच चुके हैं। प्रदेश के मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक को घटना स्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। (पैकेज पेज 7 पर)

**सत्संग खत्म होने के बाद बाहर निकलते समय गेट छोटा होने से भगदड़**

### 'भोले बाबा' का समागम

हाथरस के जिलाधिकारी आशीष कुमार ने बताया कि सिकंदराराऊ में भोले बाबा का समागम हो रहा था। इस दौरान पंडाल में काफी उमस थी। समागम खत्म होते ही सभी लोगों ने एक साथ बाहर निकलने का प्रयास किया, उसी समय भगदड़ मच गई और लोग एक-दूसरे को कुचलते हुए बाहर निकले, मृतकों में बच्चों और महिलाएं की संख्या ज्यादा है।

### जांच करेगी समिति, आयोजकों पर गाज

सीएम योगी ने मुख्य सचिव मनोज सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार को घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया। घटना की जांच के लिए एडीजी आगरा और अलीगढ़ कमिश्नर की टीम बनाई है। कार्यक्रम के 22 आयोजकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली गई है। शासन बड़ी कार्रवाई की तैयारी में है। जांच के बाद सभी चीजें स्पष्ट होंगी। इस मामले में लापरवाही बरतने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।



अस्पताल के बाहर पड़े शव और अपनों को ढूंढ़ते परिजन।

**बढ़ सकती है मरने वालों की संख्या**

### सीएम ने दुःख जताया मुआवजे का ऐलान

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख व घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता देने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए हैं।

### इसलिए मची भगदड़

सत्संग खत्म हो गया था। एक साथ लोग निकल रहे थे। हॉल छोटा था। गेट भी पतला था। पहले निकलने के चक्कर में भगदड़ मच गई। लोग एक-दूसरे पर गिर पड़े। यह भी कहा जा रहा है कि सत्संग के बाद श्रद्धालु बाबा के काफिले के पीछे उनके चरण रज लेने के दौड़े, तभी भगदड़ मची।

### चारों तरफ लाशें ही लाशें, रोते-बिलखते रहे परिजन

सिकंदराऊ सीएचसी के बाहर चारों तरफ लाशें बिखरी हुई हैं। बीच में रोते-बिलखते परिजन हैं। हालात इतने भयावह थे, किसी को कुछ समझ ही नहीं आ रहा था। लाशों को चादर तक ओढ़ाने की व्यवस्था नहीं थी। परिजन पहले लाशों के बीच अपनों को खोजते रहे, जब नहीं मिले तो वहीं बैठकर रोने लगे।

### शव देख पुलिसकर्मी की हार्टअटैक से मौत

एटा में लाशों का ढेर देखकर ड्यूटी पर तैनात सिपाही रजनेश (30) को हार्ट अर्टक आ गया। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।



घायलों और शवों को ऑटो व टैंपो से अस्पताल ले जाया गया।

### हृदयविदारक घटनाः राष्ट्रपति



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भगदड़ से हुई मौत हृदयविदारक घटना है। जिन लोगों ने अपनों को खोया है मैं उनके प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करती हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

### पीएम मोदी ने दुःख जताया



हाथरस में हुए भीषण हादसे को लेकर पीएम मोदी ने भी दुःख जताया। उन्होंने कहा कि मैं मृतकों के प्रति अपनी संवेदना (शोक) व्यक्त करता हूं। मैं सभी घायलों के जल्द ठीक होने की कामना करता हूं। पीएमओ ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक मदद देने का ऐलान किया है।

### अत्यंत पीड़ादायक : राहुल



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि हाथरस में श्रद्धालुओं की मौत का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। सभी शोकाकुल परिजनों के प्रति मैं गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।



### सरकारी नौकरी छोड़ भोले बाबा ने प्रवचन देना किया शुरू

भोले बाबा का असली नाम नारायण साकार हरि है। वह एटा जिले की पटयाली तहसील के गांव बहादुर नगरी के रहने वाले हैं। उन्होंने 26 साल पहले सरकारी नौकरी छोड़कर प्रवचन शुरू किया था। उन्होंने अपने प्रवचन में बताया था कि वे गुप्तचर ब्यूरो में नौकरी करते थे। साकार विश्व हरि भोले बाबा के अनुयायी पश्चिम उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली और उत्तराखंड में ज्यादा हैं।





# करनाल में चलती मालगाड़ी से कंटेनर गिरे, 3 किमी ट्रैक टूटा

**तरावड़ी/करनाल (हरिभूमि न्यूज)।** तरावड़ी रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार सुबह चलती मालगाड़ी से करीब 8 कंटेनर गिर गए। कंटेनर गिरने की वजह से बिजली लाइन और रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचा। जिसके बाद रेलवे ने दिल्ली से अमृतसर के बीच चलने वाली ट्रेनों की आवाजाही रोक दी। इस रूट पर 14 पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनें रद कर दी गईं। वहीं, 38 ट्रेनों को डायवर्ट कर दिया गया। इस रूट पर रोजाना 60 से 70 रेल गाड़ियां अप-डाउन करती हैं। जो प्रभावित हुई हैं। बताया जा रहा है कि अंबाला की ओर से आ रही खाली कंटेनरों की मालगाड़ी के पहिए ट्रैक से उतर गए। इसके कारण यह हादसा हुआ। सुबह 4:11 बजे नीलोखेड़ी से यह ट्रेन रन थ्रू निकली और सुबह 4:15 बजे तरावड़ी रेलवे स्टेशन से पहले चलती मालगाड़ी से कंटेनर गिरने सह हादसा हो गया।

**14 ट्रेनें रद, 11 घंटे बाद अंबाला-दिल्ली रेल लाइन बहाल हुई**

### 11 घंटे बाद ट्रैक बहाल हुआ

शुरूआती जांच के बाद बताया गया कि मालगाड़ी का एक्सल टूट गया, जिससे लगे झटके के बाद मालगाड़ी से कंटेनर जा गिरे। फिलहाल हादसे की जांच की जा रही है। वहीं, करीब साढ़े 7 घंटे बाद रेलवे ने रिपेयरिंग कर दिल्ली-अंबाला रेल लाइन को ठीक कर दिया है। इस पर करनाल से अंबाला मालगाड़ी भेजकर ट्रायल किया जा चुका है, जबकि अंबाला से दिल्ली रेल लाइन दोपहर बाद सवा 3 बजे यानी 11 घंटे बाद बहाल हुई।

### यात्रियों को भारी परेशानी

ट्रेने रद होने की वजह से अंबाला दिल्ली जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दैनिक यात्रियों ने अपने स्थान पर पहुंचने के लिए बसों का सहारा लेना पड़ा और दिल्ली अन्य यात्रियों को जाने के लिए किराये के वाहनों द्वारा दिल्ली जाना पड़ा। बिहार जाने वाले एक परिवार के मुखिया चंदेश्वर ने बताया कि हम 10 लोगों ने बिहार जाना है। दिल्ली से चंपारण की गाड़ी की टिकट बुक है, लेकिन गाड़ी रद होने की वजह से हमें टैक्सी करके दिल्ली जाना पड़ेगा। जिसमें हमें लगभग आठ हजार का नुक्सान हो गया।

# मानहानि केस में राहुल को पेश होने के आदेश

**सुलतानपुर (एजेंसी)।** सुलतानपुर की विशेष सांसद-विधायक अदालत ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 26 जुलाई को पेश होने का मंगलवार को आदेश दिया। गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने इसकी पुष्टि की है। अदालत ने पिछले सप्ताह की सुनवाई में गांधी को दो जुलाई को पेश होने के लिए कहा था। शुक्ला ने बताया कि चूंकि लोकसभा सत्र जारी है इसलिए गांधी अदालत में पेश नहीं हो सकते और उन्होंने सुनवाई की नई तारीख मांगी। उन्होंने बताया कि उनके आवेदन पर विचार करते हुए न्यायाधीश शुभम वर्मा ने गांधी को 26 जुलाई को अदालत में पेश होने के लिए कहा है।

### छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में पांच नक्सलियों को मार गिराया

**नारायणपुर (छत्तीसगढ़) (भाषा)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में पांच नक्सली मारे गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ अबूझमाड़ में कोहकामेटा थाना क्षेत्र के जंगलों में उस समय हुई जब सुरक्षाबलों का एक संयुक्त दल नक्सल विरोधी अभियान पर था। नाम नहीं छापने की शर्त पर एक अधिकारी ने बताया, कार्रवाई में अब तक पांच नक्सली मारे गए हैं। इलाके में तलाशी अभियान अब भी जारी है और विस्तृत जानकारी का इंतजार है। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में सुरक्षाकर्मियों के सुरक्षित होने की जानकारी मिली है।

# अब 21 लाख तक विकास कार्य बिना टेंडर करवा सकेंगे सरपंच

## मुख्यमंत्री नायब सैनी ने खोला सौगातों का पिटारा

**डीसी और एसपी के बराबर में लगेगी सरपंचों की कुर्सी**

**कुरुक्षेत्र (हरिभूमि न्यूज)।** कुरुक्षेत्र विवि कुरुक्षेत्र के सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय पंचायती राज एवं सरपंच सम्मलेन में मुख्यमंत्री नायब सिंह ने पंचायत प्रतिनिधियों को कई सौगातें दी। सीएम ने ऐलान किया कि अब सरपंच ई-टेंडरिंग के बिना 21 लाख रुपये तक के विकास कार्य करवा सकेंगे। इससे पहले यह सीमा 5 लाख थी। सरपंचों को टीए/डीए देने का भी ऐलान किया। सरपंच ग्राम पंचयतों के कार्यों के लिए अपनी गाड़ी या टैक्सी से यात्रा करने पर 16 रुपये प्रति किलोमीटर की दर से यात्रा खर्च क्लेम कर सकेंगे। टीए/डीए क्लेम करने के बिल का अनुमोदन भी बीडीपीओ के स्तर पर ही हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम पंचायत द्वारा भरत का प्रस्ताव पास करके भेजने पर इसका खर्च भी एस्टीमेट में शामिल होगा।



### ये भी घोषणाएं कीं

- कोर्ट केसों की पैरवी को वकीलों की फीस 6 गुना बढ़ाई। जिला या उपमंडल स्तर पर कोर्ट केस के लिए वकील की फीस 1100 रुपये से बढ़ाकर 5500 रुपये व हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट में पैरवी हेतु फीस 5500 रुपये से बढ़ाकर 33,000 रुपये की जाएगी।
- स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस पर किए आयोजन व किसी विशिष्ट अधिकारी या मंत्री के गांव में आने पर किए जाने वाले कार्यक्रम के लिए पंचायत फंड से खर्च सीमा को 3000 से बढ़ाकर 30,000 रुपये की।
- राष्ट्रीय ध्वज खरीदने या राष्ट्रीय पर्व पर मिठाई बांटने, पंचायत के प्रचार करने पर खर्च की सीमा 500 रुपये से बढ़कर 5000 रुपये की।
- गांव में होने वाले अब सरकारी कार्यक्रमों में सरपंच के पद को प्रोटोकॉल सूची में शामिल करने की घोषणा की। सरपंच के बैठने का स्थान डीसी-एसपी के साथ होगा। यानी उनके बराबर सम्मान मिलेगा
- मुख्यमंत्री सैनी ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात सफाई कर्मचारियों के मानदेय में 1000 रुपये की बढ़ोतरी का ऐलान किया।
- ग्राम पंचायतों में 3,000 कंप्यूटर ऑपरेटर नियुक्त किए गए हैं।
- पंजीकृत ठेकेदार अब एक वर्ष में 50 लाख तक के काम ले पाएंगे। ये काम समय पर करवाने पर ये ठेकेदार अगले वर्ष 1 करोड़ के काम लेने के पात्र होंगे।

**नए सेक्टरों में सशर्त मिलेगी अनुमति, पुराने का ऑडिट होगा**

# प्रदेश में स्टिल्ट प्लस 4 मंजिला बिल्डिंग बनाने पर रोक हटाई

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश सरकार ने स्टिल्ट प्लस 4 मंजिल (एस+4) निर्माण को मंजूरी दे दी है। नगर एवं ग्राम नियोजन विकास मंत्री जेपी दलाल ने मंगलर को यह ऐलान करते हुए कहा कि राव कमेटी की रिपोर्ट पर सरकार ने यह फैसला किया है। हालांकि इसके लिए प्रदेश सरकार की ओर से कुछ नियम एवं शर्तों को भी शामिल किया है। जो भी सभी शर्तों को पूरा करेगा, उसको ही स्टिल्ट प्लस 4 मंजिला भवन निर्माण बनाने की इजाजत दे दी जाएगी। इस फैसले से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। नए सेक्टरों में शर्तों के साथ निर्माण किया जा सकेगा, जबकि पुरानों को ऑडिट किया जाएगा।

### कोई भी निर्माण ढहाया नहीं जाएगा

दलाल ने कहा कि सेक्टरों में जो पहले अवैध तरीके से 4 मंजिला भवन बनाए जा चुके हैं, उसको ढहाया नहीं जाएगा। स्टिल्ट +4 मंजिलों के निर्माण की अनुमति उन कालोनियों, सेक्टरों में आवासीय भूखंडों के लिए दी जाएगी, जिनका ले आउट प्लान प्रति प्लाट 4 आवासीय इकाइयों के साथ अप्रूव हैं।

### डीडीजेएवाई कॉलोनी में भी अनुमति

एस +4 मंजिलों के निर्माण की अनुमति पहले से ही लाइसेंस प्राप्त दीन दयाल उपाध्याय जन आवास योजना (डीडीजेएवाई) कॉलोनी में भी दी जाएगी, यदि प्रति प्लाट 4 आवासीय इकाइयों के लिए संशोधित हो। इसके अलावा निर्माण की अनुमति उन कॉलोनियां, सेक्टरों में भी दी जा सकती है, जिनका लेआउट प्लान प्रति प्लॉट 3 आवासीय इकाइयों के साथ मंजूर हैं, लेकिन ऐसे आवासीय भूखंडों के लिए जो 10 मीटर या उससे अधिक चौड़ी सड़क से सुगम्य हैं।

**पड़ोसियों की लेनी होगी अनुमतिः** दलाल कहा कि ऐसी कॉलोनियों और सेक्टरों में, जहां लेआउट प्लान प्रति प्लॉट तीन आवासीय इकाइयों के साथ अनुमोदित है, लेकिन केवल ऐसे आवासीय भूखंडों, जिनके पास 10 मीटर या उससे अधिक चौड़ी सड़क है, उनमें भी कुछ शर्तों के साथ स्टिल्ट+4 मंजिल के निर्माण की अनुमति होगी। ऐसी कॉलोनियों में, जहां व्यक्ति अब एस+4 का निर्माण करना चाहता है, तो उस स्थिति में मालिक को पहले पड़ोसियों से सहमति प्राप्त करनी होगी। यदि पड़ोसी सहमति प्रदान नहीं करते हैं तो वह व्यक्ति साथ लगते मकान से सभी मंजिलों के लिए 1.8 मीटर की जगह (साइड सेटबैक) छोड़कर एस+4 का निर्माण कर सकता है।

**संसद में संग्राम** पीएम नरेंद्र मोदी ने इशारों-इशारों में राहुल गांधी को 'बालक बुद्धि' बताया

**राहुल के 90 मिनट बनाम प्रधानमंत्री मोदी के सवा दो घंटे**

# एक बालक 99 नंबर लाकर घमंड में घूम रहा, उसे नहीं पता कि ये नंबर 100 में से नहीं 543 में से हैं

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देते हुए कांग्रेस और समूचे विपक्ष को घेर लिया। मोदी ने इशारों-इशारों में राहुल गांधी को बालक बुद्धि (बच्चा) कहा। राहुल गांधी का नाम लिए बगैर कहा कि एक बालक 543 में से 99 नंबर लाकर घमंड में घूम रहा है। उसे नहीं पता था कि ये नंबर 100 में से नहीं बल्कि 543 में से हैं। यह लगातार तीसरी बार है कि कांग्रेस चुनाव में 100 का आंकड़ा पार नहीं कर पाई है। यह कांग्रेस के इतिहास में चुनावों में तीसरी सबसे बड़ी विफलता है।

यह चुनावों में कांग्रेस की तीसरा सबसे खराब प्रदर्शन है। बालक बुद्धि ने फेल होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। मोदी ने कहा कि बालक बुद्धि में न बोलने का ठिकाना होता है और न ही बालक बुद्धि में व्यवहार का कोई ठिकाना होता है। जब ये बालक बुद्धि पूरी तरह सवार हो जाती है, तो सदन में किसी के भी गले पड़ जाते हैं। ये बालक बुद्धि अपनी सीमाएं खो देती है, तो सदन के अंदर बैठकर आंखें मारते हैं।

### पीएम ने सुनाई 3 कहानियां



**कहानी-1**

एक छोटा बच्चा साइकिल लेकर निकला, वो गिर जाता है। लुढ़क जाता है। रोने लगता है। एक बड़ा व्यक्ति उसके पास आकर कहता कि चींटी मर गई, चिड़िया उड़ गई। तुम बहुत अच्छी साइकिल चलाते हो। उसका ध्यान बंटाकर के उस बच्चे का मन बहला देते हैं। वैसे ही बच्चों के मन बहलाने का काम चल रहा है।

**कहानी-3**

एक बालक अपने '99' नंबर का खुशी से जश्न मना रहा था। टीचर ने आश्चर्य व्यक्त किया और पूछा तुम मिठाई क्यों बांट रहे हो, तुम जश्न क्यों मना रहे हो? टीचर बताना चाहता था कि जश्न मनाने की कोई बात नहीं है। उसने जो 99 नं. प्राप्त किए थे। वे 100 में से नहीं, बल्कि 543 में से थे।

**कहानी-2**

बच्चा स्कूल से आया। रोने लगा, उसने मां से कहा कि मुझे स्कूल में मारा गया। मां ने पूछा बात क्या थी? बेटा ये नहीं बता रहा था कि आज स्कूल में उस बच्चे ने किसी बच्चे को मां के लिए अपशब्द कहे थे। और किसी की किताबें फाड़ दी, टिफिन चुराकर खा लिया था। हमने कल (सोमवार) सदन में ऐसी ही बचकाना हरकत देखी है। कल यहां बालक बुद्धि का विलाप चल रहा था।

**खबर संक्षेप**

### कांग्रेस के विस चुनाव के लिए आवेदन आमंत्रित

**चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं और इसके लिए आवेदन राशि भी सुनिश्चित की गई है जोकि अप्रतिदेय होगी। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी उदय भान ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सामान्य वर्ग से आवेदन करने की फीस बीस हजार रुपए और आरक्षित सीट से आवेदन फीस पांच हजार रुपये तय की गई है।

### होटल प्रबंधन संस्थानों से करवाई जाएगी प्लेसमेंट

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पर्यटन मंत्री कंवर पाल ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन विभाग द्वारा जो होटल प्रबंधन संस्थान चलाए जा रहे हैं उनमें कैंपस इंटरव्यू करवा कर जॉब-प्लेसमेंट करवाने का प्रयास किया जाएगा ताकि अपना कोर्स पूरा करने वाले युवाओं को रोजगार मिल सके।

### डॉ. कमल गुप्ता ने प्रचार वाहन को झंडी दिखाई

**चंडीगढ़।** हरियाणा के स्वास्थ्य, आयुष व नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में विशेष प्रचार अभियान शुरू किया गया है जो कि 31 जुलाई तक जारी रहेगा।

## विपक्ष के नेता के बयानों पर सीएम नायब सिंह सैनी ने बोला हमला

# लोकसभा में राहुल गांधी ने हिंदुओं के खिलाफ जहर उगला, देश से माफी मांगें

- झूठ बोलकर लोगों को भटकाने का काम राहुल गांधी और कांग्रेस के डीएनए में
- राहुल गांधी बताएं कि वह भारत में किस तरह का साम्राज्य चाहते हैं और उनकी मंशा क्या है?
- हिंदुओं को हिंसक, नफरती और झूठा बताकर अपमान कर रहे हैं राहुल गांधी : सैनी



चंडीगढ़। पत्रकारों से रूबरू होते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को चंडीगढ़ में प्रेसवार्ता के दौरान राहुल गांधी के संसद में दिए गए बयानों को लेकर काफी आक्रामक नजर आए। सैनी ने राहुल गांधी को घेरते हुए कहा कि राहुल गांधी ने लोकतंत्र के मंदिर में झूठ बोलकर संसदीय मर्यादा को तार-तार किया है। हिंदुओं के खिलाफ राहुल गांधी ने जहर उगला है। कांग्रेस के इस युवराज ने अपने भाषणों में न केवल हिंदुओं का घोर अपमान किया, बल्कि हिंदुओं को हिंसक, नफरती और झूठा बताया। हिंदुओं के आराध्य भगवान शिव की तस्वीर को बार-बार दिखाकर हिंदुओं की आस्था से खिलवाड़ किया। राहुल गांधी के बयानों की घोर निंदा करते हुए सैनी ने कांग्रेस और राहुल गांधी से अविलंब हिंदुओं का अपमान करने, सदन में झूठी बयान बाजी करने के लिए देश की जनता से माफी मांगने को कहा। नायब सैनी ने राहुल गांधी से सवाल करते हुए यह भी कहा कि राहुल गांधी बताएं कि वह भारत में किस तरह का साम्राज्य चाहते हैं और उनकी मंशा क्या है? प्रेसवार्ता के दौरान सीएम सैनी के साथ प्रदेश महामंत्री बड़ौली, मीडिया सचिव प्रवीन अतरे, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी संजय आहुजा भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी में आज भी परिपक्वता दिखाई नहीं दे रही है। लोकसभा में विपक्ष की गंभीर भूमिका होनी चाहिए, लेकिन राहुल गांधी के बयानों में वह गंभीरता कहीं दिखाई नहीं दे रही। राहुल गांधी का हिंदुओं को हिंसा करने वाला, झूठ बोलने वाला और नफरत फैलाने वाला कहना दुर्भाग्यपूर्ण है। जब राहुल गांधी के झूठ के सत्यापन की बात संसद में उठी तो राहुल बगल झांकते नजर आए। सैनी कहा कि तीन-तीन बार लगातार हार का स्वाद चखने के बाद घमंडिया गठबंधन और कांग्रेस नेताओं की बौखलाहट बाहर आ रही है।

### राहुल गांधी पर चुटकी ली

राहुल गांधी पर चुटकी लेते हुए नायब सैनी ने कहा कि एक ही प्रोडेक्ट को मार्केट में बार-बार लांच करना और उसे लोगों द्वारा नकार देना कांग्रेस की बौखलाहट का बड़ा कारण है। नायब ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर औपचारिकतावश भी कुछ नहीं कहना राहुल गांधी के अपरिपक्वता को दर्शाता है।

### घमंडिया गठबंधन को सही ठहराने में लगे

प्रेसवार्ता में बोलते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस और उसकी गैंग (घमंडिया गठबंधन) राहुल गांधी को सही ठहराने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि तीन लोकसभा चुनावों में तीन डिजिट तक भी कांग्रेस नहीं पहुंची, इसलिए राहुल गांधी हिंदुओं को नफरती, हिंसा करने वाला बता रहे हैं। कांग्रेस के युवराज को अपने पूर्वजों के कार्यकाल में झांकना चाहिए।

### देश को अपवित्र बताने वाले चला रहे हैं कांग्रेस

राहुल गांधी पर बरसते हुए नायब सैनी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हो रही हिंसात्मक घटनाओं पर राहुल गांधी और कांग्रेस नेताओं के मुंह पर ताला लगा हुआ है। तमिलनाडू में हिजत उत ताहिर की मंशा पर कुछ नहीं बोलते। केरल में अपने सहयोगी की हिंसा भड़काने की तहरीरों पर इनकी जुबान बंद हो जाती है। राहुल गांधी सिर्फ और सिर्फ हिंदुओं को टारगेट करते रहते हैं। सैनी ने कहा कि कर्नाटक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष, जो इस समय पीडब्लूडी मंत्री हैं, सतीश जारकीहोली भी हिंदू शब्द को गंदा बोल चुके हैं।

### हिंदुओं को गाली देना व आतंकी बताना कांग्रेस का चरित्र

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस का चरित्र ही हिंदुओं को गाली देने का रहा है। 2010 में तत्कालीन गृहमंत्री पी. चिदम्बरम ने हिंदुओं को आतंकवादी कहा था। 2013 में पूर्व गृहमंत्री सुशील कुमार शिंदे ने भी हिंदुओं को आतंकवादी बताया था। 2021 में खुद राहुल गांधी ने हिंदुत्ववादियों को देश से बाहर निकाल देने की बात कही थी। सैनी ने कहा राहुल जैसा अपरिपक्व व्यक्ति नेता प्रतिपक्ष के लायक ही नहीं है। यह वही राहुल गांधी जिसने जेएनयू में बैठकर देश के टुकड़े-टुकड़े करने वाली गैंग को अपना समर्थन दिया था।

### राहुल को कहां से दिख गई इस्लाम में अभय मुद्रा

नायब सैनी ने राहुल गांधी के अभय मुद्रा बयान पर बोलते हुए कहा कि राहुल गांधी ने इस्लाम में भी अभय मुद्रा बता दी, जबकि इस्लाम में कोई चित्र नहीं होता है, तो उन्हें अभय मुद्रा कहां से दिख गई? राहुल गांधी को कोई इल्म हुआ है या ऊपर से कोई फजल हुआ है कि उन्हें अभय मुद्रा दिख गई? संसद में भगवान शंकर, गुरु नानक देव के चित्र दिखाना गलत है। नायब सैनी ने कहा कि राहुल ने अभय मुद्रा पर भी गलत बातें की, जो इनके अल्पज्ञान को दर्शाती है।

## भूपेंद्र हुड्डा फिर पहुंचे हाईकोर्ट

# वाड्रा डीएलएफ लैंड डील मामले की जांच को हरी झंडी मिली

मनोज भल्ला ▶▶| रोहतक

विधानसभा चुनाव से पहले हरियाणा की राजनीति में सियासी तूफान आ सकता है। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के निर्देश के बाद ढींगरा आयोग एक बार फिर वाड्रा डीएलएफ लैंड डील मामले की जांच शुरू कर सकता है। हाई कोर्ट से हरी झंडी मिलने के बाद प्रदेश सरकार जल्द ही इसकी अधिकारिक घोषणा कर सकती है।



हाईकोर्ट की खंडपीठ ने ढींगरा आयोग को चुनौती देने वाली पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा की याचिका को खारिज करते हुए आयोग के गठन को सही माना है। इस हाई प्रोफाइल केस में 5 साल बाद आया फैसला हुड्डा की मुश्किलें बढ़ा सकता है। हांलाकि हाईकोर्ट ने यह भी निर्देश दिए हैं कि यदि आयोग अपनी जांच आगे बढ़ाता है तो पहले भूपेंद्र हुड्डा को सेक्शन तीन के अनुसार नोटिस देना पड़ेगा ताकि वे अपना बचाव कर सकें। हाई कोर्ट ने 2019 में ढींगरा आयोग की रिपोर्ट को यह कहते हुए अमान्य ठहरा दिया था कि यह कानूनी रूप से ठीक नहीं है। इसके अतिरिक्त आयोग की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने पर भी रोक लगा दी गई थी। इस रोक के कारण सरकार ढींगरा आयोग की रिपोर्ट को विधानसभा में पेश नहीं कर पाई थी। कोर्ट में सुनवाई के दौरान रिपोर्ट के कुछ अंश मीडिया में लीक भी हो गए थे जिसे लेकर देशभर में खूब हंगामा हुआ था। ढींगरा आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर हाईकोर्ट की बैंच एकमत नहीं थी इसलिए इस हाई प्रोफाइल मामले को जस्टिस अनिल खेत्रपाल को भेजा गया था जिन्होंने 9 मई 2024 को 5 साद बाद फैसला सुनाया है कि आयोग का अस्तित्व अभी समाप्त नहीं हुआ है इसलिए जांच जारी रख सकती है अथवा नए आयोग का गठन भी कर सकती है। वहीं, आयोग की वैधता को लेकर हुड्डा फिर हाई कोर्ट पहुंच गए हैं।

### क्लीन चिट से इनकार

**नए आयोग के गठन की भी चर्चाएं**

इस मामले में पिछले वर्ष रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी को क्लीन चिट देने की खबरें मीडिया की सुर्खियां बनी थी। यह दावा किया गया था कि प्रदेश सरकार ने हाईकोर्ट में हलफनामा दायर कर कहा है कि गुडगांव में हुई लैंड डील को लेकर किसी प्रकार के नियमों का उल्लंघन नहीं हुआ था। बाद में हरियाणा के पूर्व गृहमंत्री अनिल विज ने स्पष्ट कर दिया था कि विवादास्पद भूमि सौदों में सरकार ने किसी को भी क्लीन चिट नहीं दी है। इस मामले की जांच के लिए 22 मार्च 2023 को एसआईटी पुर्नगठित की गई है जिसमें एक डीसीपी, दो एसीपी, एक इंस्पैक्टर और एक एएसआई शामिल है।

## प्रदेश से खत्म होंगे ब्लैक स्पॉट : असीम गोयल

### मंडविया से भी मुलाकात की, अंबाला में 100 बेड के ईएसआई अस्पताल के लिए बजट पर चर्चा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के परिवहन तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री असीम गोयल ने कहा कि हरियाणा में सभी नेशनल हाईवे से ब्लैक स्पॉट समाप्त किये जाएंगे ताकि दुर्घटना का ख़तरा न रहे। उन्होंने यह जानकारी आज नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाक़ात के बाद दी। परिवहन मंत्री ने केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मंडविया से भी मुलाकात की और अंबाला शहर में 100 बेड के ईएसआई अस्पताल के लिए बजट जारी करने पर चर्चा की। असीम गोयल ने बताया कि उन्होंने राज्य में नेशनल हाईवे पर कुछ स्थानों पर बने ब्लैक स्पॉट को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से चर्चा की है।



### राजधानी चंडीगढ़ के नए गृह सचिव के लिए नामों भेजा गया पैनल

- पैनल में से एक नाम पर लगनी है मुहर

**चंडीगढ़।** नायब सैनी सरकार ने चंडीगढ़ के गृह सचिव के लिए तीन आईएएस अफसर के नाम का पैनल तैयार कर भेज दिया है। चंडीगढ़ प्रशासन को यह मिल गया है। गृह सचिव पद के लिए सरकार की ओर से भेजे गए पैनल में तीन नाम शामिल हैं। हरियाणा सरकार ने जिन तीन वरिष्ठ आईएएस अफसरों के नाम गृह सचिव के लिए भेजे गए हैं, उसमें 2003 बैच के डॉ अमित अग्रवाल और उनके अलावा 2005 बैच के मंदीप बराड़, 2006 बैच आईएएस अधिकारी जे गणेशन का नाम शामिल है। चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से करीब दो माह पहले से नए गृह सचिव के लिए पैनल मांगा था। इस क्रम में प्रशासन को पैनल मिल चुका। पूर्व गृह सचिव नितिन यादव चंडीगढ़ में कमान संभाले हुए थे, लेकिन केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर जाने की तैयारी कर ली थी।

### डेरा प्रमुख को राहत नहीं, फरलो की अर्जी पर सरकार को नोटिस

- चीफ जस्टिस की बैंच ही इस अर्जी पर सुनवाई करेगी

**चंडीगढ़।** डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत सिंह को पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट से तुरंत कोई राहत नहीं मिल पाई है। हाई कोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस जी एस संधावालिया पर आधारित डिविजन बैंच ने डेरा प्रमुख की फरलो की अर्जी पर मुख्य याचिका के साथ 31 जुलाई तक स्थगित कर दी। इसी के साथ कोर्ट ने एसजीपीसी व हरियाणा सरकार को नोटिस जारी कर जवाब दायर करने का आदेश दिया है। डेरा प्रमुख ने इससे पहले अवकाश कालीन बैंच के सामने 14 जून को यह अर्जी दायर की थी लेकिन अवकाशकालीन बैंच ने कोई आदेश जारी न करते हुए कहा था कि चीफ जस्टिस की बेंच ही इस अर्जी पर सुनवाई करेगी क्योंकि उसी बेंच में यह मामला विचाराधीन है। डेरा प्रमुख ने 21 दिन की फरलो देने के निर्देश देने की मांग की है।

### हाईकोर्ट ने विस में उप सचिव के पद पर चयन पर लगाई रोक

- 7 जून को विज्ञापन जारी किया था

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा विधानसभा में उप सचिव के पद पर चयन को अंतिम रूप देने से रोक दिया है, जिसके लिए 7 जून को विज्ञापन जारी किया था। जस्टिस अमन चौधरी ने कंवर सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए ये आदेश पारित किए हैं, जो वर्तमान में 19 मई 2016 से हरियाणा राज्य विधानसभा में अवर सचिव के रूप में कार्यरत हैं। याचिकाकर्ता, जो 19 मई, 2001 को कानूनी सहायक के रूप में राज्य विधानसभा में शामिल हुए थे, उन्होंने दावा किया है कि यह पद पदोन्नति के माध्यम से भरा जाना चाहिए था, न कि सीधी भर्ती के माध्यम से। याचिकाकर्ता के वकील ने हाई कोर्ट को बताया कि हरियाणा विधानसभा सचिवालय सेवा नियम, 1981 में स्पष्ट रूप से प्रावधान किया गया है कि कार्यालय के भीतर योग्य/अनुभवी व्यक्ति की अनुपलब्धता के मामले में, विभिन्न श्रेणियों के पदों को सीधी भर्ती द्वारा भरा जाएगा।

### सरकार कर रही है युवाओं के भविष्य से खिलवाड़: सैलजा



**चंडीगढ़।** सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि विभिन्न सरकारी विभागों में खाली पड़े दो लाख पदों पर हरियाणा रोजगार कौशल निगम के तहत कार्यरत एक लाख 18 हजार युवाओं को नियमित नौकरी दे सकती है पर एचकेआरएन के माध्यम से सरकार युवाओं का शोषण कर रही है और बेरोजगारी की कतार में लगे लाखें युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। चुनाव में हार देखकर अब प्रदेश सरकार लोगों को गुमराह करने के लिए घोषणाओं पर घोषणाएं कर रही है जबकि पहले की गई घोषणाओं पर आज तक अमल नहीं किया गया है।

### दो साल में 16 लाख 72 हज़ार लोग गरीबी रेखा के नीचे आए



**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने हरियाणा में बढ़ती गरीबी और घटते जीवन स्तर को लेकर बीजेपी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पिछले 2 साल में 16 लाख 72 हज़ार लोग गरीबी रेखा के नीचे आ गए हैं। जबकि हरियाणा की आबादी 2 करोड़ 86 लाख है। इसमें से 1 करोड़ 81 लाख लोग गरीबी रेखा के नीचे रहने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हरियाणा का हाल बेहाल करके रख दिया है।हर जिले में करीब 1.5 लाख के करीब लोग गरीबी रेखा से नीचे जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

### पुलिस का डिफेंस हेल्प लाइन नंबर 0172-2590755 शुरू

**चंडीगढ़।** सेवारत तथा सेवानिवृत रक्षा कार्मिकों व उनके परिजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय, पंचकूला की शिकायत शाखा में डिफेंस हेल्प लाईन नंबर- 0172-2590755 शुरू किया गया है। पुलिस मुख्यालय, पंचकूला में तैनात पुलिस अधीक्षक, कानून एवं व्यवस्था को इस हेल्प लाईन का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिनकी निगरानी में डिफेंस हेल्प लाईन सप्ताह के सभी कार्यदिवसों में सुबह 09:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक पूरी निष्ठा व लगन के साथ कार्य करेगी। ई-मेल आई.डी - **complaintbrphq.pol@hry.gov.in** पर भी शिकायत की जा सकती है।

**चुनावी हलचल** भाजपा-कांग्रेस और इनेलो ने कसी कमर

# विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां बढ़ीं कलायत में हो सकता है त्रिकोणीय मुकाबला

सूरज सहारण ▶▶| कैथल



कमलेश ढांडा



जयप्रकाश जेपी



रामपाल माजरा

लोकसभा चुनाव के बाद जैसे नतीजे सामने आए इसी प्रकार से सभी पार्टियों के भावी प्रत्याशी अपने-अपने में साथी वर्कर व कार्यकर्ताओं को लेकर फील्ड में उतर गए हैं। अगर कलायत हलके से भाजपा की बात करें तो पूर्व में रही मंत्री और मौजूदा विधायक कमलेश ढांडा दोबारा से कमल को खिलाने की बात कर रही है। उनके साथ-साथ जयदीप राणा, अजीत चहल, सुरेश राविश और अन्य कई भाजपा कार्यकर्ता भी अपनी-अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। ढांडा ने कहा कि यदि वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी आला कमान उनको मौका देगी तो वह कलायत से कमल खिलाने का प्रयास करेंगी।

आने वाले विस चुनाव में आलाकमान मौजूदा विधायक कमलेश ढांडा पर दावं खेलती है या और किसी अन्य नेता व कार्यकर्ता पर, यह आने वाला समय ही बताएगा। जिस प्रकार से कलायत से भाजपा का कमल लोकसभा चुनाव में अपना रंग नहीं दिखा पाया तो क्या विधानसभा चुनाव में दोबारा से कोई ऐसा है जो कमल को खिलाने का काम कर सकता है। बता दें कि वर्तमान में कमलेश ढांडा भाजपा में सभी पर भारी पड़ती नजर आ रही हैं। बात रही इनेलो की। यहां से पूर्व संसदीय और इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा भी पूरी तरह से फिल्ड में उतर गए हैं। देखने वाली बात यह होगी कि आने वाले समय में कलायत में कांग्रेस और भाजपा में कड़ा मुकाबला होगा या फिर कोई नया रंग दिखाएगी।

### जयप्रकाश संसद बनने के बाद भी कलायत में सक्रिय

देखा जाए तो हिसार से नवनिर्वाचित सांसद जयप्रकाश जीतने के बाद हिसार से ज्यादा कलायत में और कैथल में समय देने लगे हैं। वे अपने बेटे विकास सहारण को टिकट दिलवाकर चुनाव लड़कर विधायक बनाने का प्रयास करेंगे। उनका कहना है कि आने वाली विधानसभा चुनाव में पूर्ण रूप से कांग्रेस पार्टी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में चुनाव की जिम्मेदारियां सौंपेंगी तो हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनेगी। जब हुड्डा टिकट बाटेंगे तो संभव है कि उनके बेटे विकास सहारण को टिकट मिलना तय है। अगर ऐसा होता है तो है चुनाव के लिए तैयार हैं और चुनाव जीतेंगे।

### ढांडा द्वारा करवाए गए बड़े प्रोजेक्ट

- राजौंद में सीवरेज ओर वाटर प्लांट के लिए 84 करोड़ के काम
- राजौंद में महिला सरकारी कालेज 29 करोड़ का टेंडर
- किठाना में 19.70 करोड़ का सब यार्ड बनवाया गया।
- कलायत के 7 गांवों में 36 करोड़ से 18 किलोमीटर दूर से पानी लाया गया।
- सैकड़ों किलोमीटर की सड़कें।
- मेरिट के आधार पर हलके के युवाओं को नौकरी।


## दी सोनीपत सहकारी चीनी मिल्ज लि., सोनीपत।

### सूचना

**सोनीपत सहकारी चीनी मिल फार्म की लगभग 22 एकड़ जमीन कृषि कार्यों के लिए पट्टे पर देने बारे ।**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सोनीपत सहकारी चीनी मिल फार्म की लगभग 22 एकड़ जमीन कृषि कार्यों के लिए तीन वर्ष के लिए पट्टे पर दी जानी है, जिसकी खुली बोली 08.07.2024 को प्रातः 11.00 बजे की जाएगी। बोली की धरोहर राशि 20,000/-रू. दिनांक 06.07.2024 को सांय 5.00 बजे तक मिल कार्यालय में जमा करवानी होगी। धरोहर राशि जमा करवाने वाले को ही बोली देने का अधिकार होगा

अन्त में जिस व्यक्ति की बोली छूटती है तो उसे एक वर्ष की कुल राशि की 10 प्रतिशत राशि तुरन्त प्रभाव से जमा करवानी होगी और शेष राशि कार्यालय आदेश के 'तुरन्त बाद जमा करवानी होगी। अन्यथा जमा की गई धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी अन्य नियम व शर्तें बोली शुरू होने से पहले मौके पर बता दी जाएंगी ।

हस्ता/-प्रबन्ध निदेशक
दी सोनीपत सहकारी चीनी मिल्ज लि.,
सोनीपत।

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज गन्नौर, सोनीपत | गांव पांची, राजलु गढी और भोगीपुर ब्लॉक गन्नौर में एसडब्ल्यूएम शैड का निर्माण + 2 कार्य। | 27.06.2024 09.07.2024 | 47.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015771521 sdoprganaur1@gmail.com |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, जीन्द | फतेहाबाद जिले में घग्गर नदी के ऊपर गांव मुंडलियान से मुसा खेड़ा को जोड़ने के लिए वी.आर. ब्रिज का निर्माण (सी.एम. घोषणा कोड-27268 दिनांक 23.01.2023)। | बंद होने की तिथि 16.07.2024 | 2020.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416166143 xenconstdivjind@gmail.com |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, जीन्द | घग्गर नदी पर गांव जाखल से गांव उदेयपुर तक वी.आर. ब्रिज का पुनर्निर्माण। | बंद होने की तिथि 16.07.2024 | 1130.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416166143 xenconstdivjind@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज झज्जर | 24.22- गांव मदाना कलां, ब्लॉक बेरी में पार्क का निर्माण। | 29.06.2024 05.07.2024 | 20.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज झज्जर | गांव गवालिसन, ब्लॉक मातनहेल में ग्रे वाटर मैनेजमेंट का निर्माण। | 29.06.2024 05.07.2024 | 48.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज झज्जर | गांव आसौदा सिवान, ब्लॉक बहादुरगढ़ में पार्क-सह-व्यायामशाला का निर्माण + 1 कार्य। | 29.06.2024 05.07.2024 | 59.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज सोनीपत | गांव मेहलाना, ब्लॉक सोनीपत में पीवीसी पाइप लाइन बिछाना एफएफसी। | बंद होने की तिथि 08.07.2024 | 20.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज अम्बाला | गांव सोंटी में बीसी चौपाल में हॉल और शैड का निर्माण तथा गांव जैतपुर, ब्लॉक अम्बाला-1 में बीसी चौपाल में शैड का निर्माण। | 28.06.2024 12.07.2024 | 13.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज अम्बाला | ब्लॉक बराड़ा, जिला अम्बाला में 5 अदद गांवों में फिरनी पर स्ट्रीट लाइटिंग + 1 कार्य। | 01.07.2024 10.07.2024 | 63.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज अम्बाला | एचजीवीवाई - गांव लदाना में भानोखेड़ी रोड से नरेश के खेत तक ब्रिक पेव्ड रास्ता का निर्माण और गांव लोट्टों में मेन रोड से पंजाब बॉर्डर तक ब्रिक पेव्ड रास्ता का निर्माण और गांव महमुदपुर में नचत्तर सिंह से नरवाना ब्रांच नहर तक ब्रिक पेव्ड रास्ता का निर्माण और गांव नकतपुर, ब्लॉक अम्बाला-1 में उदेयपुर रोड से निर्मल के खेत तक ब्रिक पेव्ड रास्ता का निर्माण। | 01.07.2024 08.07.2024 | 26.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज अम्बाला | वीएएनजीवाई - गांव बीकॉमपुर में शमशान भूमि में बैठने के शैड का निर्माण और आई/एल बिछाना तथा गांव राजौली में इंडोर जिम का निर्माण और गांव दादूपुर ब्लॉक बराड़ा में हॉल का निर्माण + 9 कार्य। | 01.07.2024 08.07.2024 | 154.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज अम्बाला | एनजीटी - गांव अमीपुर, ब्लॉक अम्बाला-1 में नाला का निर्माण + 2 कार्य। | 01.07.2024 10.07.2024 | 710.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 13 | पंचायती राज गन्नौर, सोनीपत | गांव बजाना कलां, ब्लॉक गन्नौर में शमशान घाट (घनशान पाना) में बरामदा और ब्रिक बैंच का निर्माण, एसएफसी स्कीम + 5 कार्य। | बंद होने की तिथि 09.07.2024 | 51.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015771521 sdoprganaur1@gmail.com |
| 14 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, बहादुरगढ़ | केसीबी ड्रेन पर आरडी 57000 पर अप्रोन का निर्माण + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 05.07.2024 | 10.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1276298418 wsdivisionbgarh@gmail.com |
| 15 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | रानियां कस्बा : रानियां कस्बा जिला सिरसा में कैनाल आधारित जलापूर्ति योजना का प्रावधान, बूस्टिंग स्टेशनों का निर्माण और आंतरिक वितरण पाइप लाइंस बिछाना "जलघर, एमबीएस और बूस्टिंग स्टेशनों समेत 8.88 एमएलडी डब्ल्यूटीपी, ब्रिक लाइंड एस/एस टैंकों, चारदिवारी, स्वच्छ जल टैंक, पम्प चेम्बर, आर/डब्ल्यू और सी/डब्ल्यू सक्शन वैल, राइजिंग मेन लाइंस का निर्माण, विद्युत ट्रांसफॉमर्स, पम्पिंग मशीनरी, एफएचटीसी की स्थापना और वितरण पाइप लाइंस इत्यादि बिछाना, 3 माह ट्रायल रन की सफल पूर्णता के पश्चात 12 माह और इसके पश्चात 5 वर्ष के लिए सभी प्रकार से पूर्ण त्रुटि जिम्मेवारी अवधि के दौरान प्रचालन और रखरखाव।" | 01.07.2024 29.07.2024 | 3683.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 16 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में अम्बाला शहर में सिविल हॉस्पीटल के परिसर में डॉक्टर कॉलोनी में विभिन्न मकानों (मकान नं. 1, 5, 10, 13 और 17 (ए) की मरम्मत और पुनरोद्धार। | 27.06.2024 11.07.2024 | 47.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 Pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 17 | लोनिवि भ व प अम्बाला | कार्य कार्यक्रम 2024-25 के तहत अम्बाला कैंट निर्वाचन क्षेत्र में अम्बाला जिले में प्रांतीय मंडल सं. 1, लोनिवि भ व प शाखा, अम्बाला कैंट के तहत 2 अदद रोड का मजबूतीकरण (रोड आईडी 55 और 204)। | 26.06.2024 09.07.2024 | 86.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 Pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 18 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | प्रांतीय मंडल, लोनिवि भ व प शाखा यमुनानगर निर्वाचन क्षेत्र सढ़ौरा (ग्रुप-1) (आईडी 404,459,412,455 और 9742) के तहत विभिन्न सड़कों पर चौड़ा करने और मजबूतीकरण द्वारा सड़कों की मरम्मत। | 01.07.2024 10.07.2024 | 237.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1732237834 pwd-eepd- yamunanagar@hry.nic.in |
| 19 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नारनौल | ग्राउंड वाटर टेबल की रिचार्जिंग और सिंचाई सुविधाओं के प्रावधान हेतु गांव तालाब धनताल के लिए 300 मिमी आई/डी डीआई के-9 प्रैशराइज्ड पाइप लाइन बिछाना (धनताल कैनाल जल संग्रहण टैंक की मौजूदा 300 मिमी आई/डी डीआई पाइप लाइन से ऑफ टेकिंग) (नांगल चौधरी निर्वाचन क्षेत्र में) (अटल भू-जल योजना के तहत) + 7 कार्य। | बंद होने की तिथि 05.07.2024 | 205.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2025/380/27400/I/88/6 दि. 02.07.24

## खबर संक्षेप

### एमबीबीएस इंटर्न के लिए स्टाइफंड में 43% वृद्धि

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह ने मंगलवार को पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (यूएचएस), रोहतक से संबद्ध सभी सरकारी और निजी संस्थानों के एमबीबीएस इंटर्न के लिए स्टाइफंड में 43% वृद्धि को मंजूरी दी है। अब इंटर्न को 24,310 रुपये मिलेंगे। इंटर्नशिप स्टाइफंड में अंतिम संशोधन 2018 में किया गया था, जो 12,000 रुपये से 17,000 रुपये प्रति माह था। अब मुख्यमंत्री ने एमबीबीएस इंटर्न के लिए संशोधित स्टाइफंड 24,310 रुपये प्रति माह करने को मंजूरी दे दी है। हरियाणा सरकार अपने मेडिकल इंटर्न को सहायता देने और उनके महत्वपूर्ण प्रशिक्षण अवधि के दौरान उनकी वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### कोसली कॉलेज को नैक ने दिया 'बी' ग्रेड

**कोसली।** कोसली के राजकीय महाविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद की ओर से 'बी' ग्रेड प्रदान किया गया है। प्राचार्य डा. विवेक कुमार ने बताया कि महाविद्यालय ने शैक्षणिक, खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित हर क्षेत्र में चहुंमुखी विकास किया है। मूल्यांकन से संस्था की छवि उन्नत होती है तथा सफलता की एक नई दिशा मिलती है। नैक मान्यता प्राप्त संस्थान उन संस्थाओं की श्रेणी में आते हैं, जो छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हैं और शिक्षा, शोध, संकाय के बुनियादी ढांचे के संदर्भ में गुणवत्ता प्रदर्शित करते हैं। इससे राष्ट्र स्तरीय शिक्षा अभियान का अनुदान प्राप्त होता है, जिससे संस्था को अनुसंधान, संबंधन, शैक्षिक, भवन और नवाचार के क्षेत्र में योग्य माहौल का निर्माण करने में सुविधा रहती है, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती है।

### मुख्य सचिव आज पुस्तक का करेंगे विमोचन

**चंडीगढ़।** मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद 3 जुलाई को चंडीगढ़ क्लब में विकास वर्मा द्वारा लिखित पुस्तक 'बी फ्यूचर प्रूफ' का विमोचन करेंगे। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के उत्तर क्षेत्र प्रमुख और स्थिरता पर एक प्रतिष्ठित संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञ वर्मा अमूल्य अंतर्दृष्टि के धनी हैं। 'बी फ्यूचर प्रूफ' पुस्तक स्थिरता और फ्यूचर-प्रूफ करियर के बीच अंतर्निहित संबंधों को दर्शाती है। यह पुस्तक एक स्थायी करियर की पहचान करने और उसे आगे बढ़ाने के लिए प्रमुख विशेषताओं को रेखांकित करने के लिए व्यक्तिगत अनुभवों को सहेजती है।

# मशरूम की खेती से 'लखपति दीदी' बनी घासेड़ा की दीपिका, दिया रोजगार

**गुजरात में खेती देखकर हुई प्रभावित, गांव घासेड़ा में बीते चार सालों से आर्गेनिक मशरूम की खेती कर कमा रही लाखों का मुनाफा**

हेमंत शर्मा ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। मशरूम खेती की जानकारी देती दीपिका यादव। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। प्लांट में मशरूम तोड़ते हुए महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

वर्तमान में काफी महिलाएं घर संभालने के साथ आत्मनिर्भर बनकर परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अनेक कार्य करके कमाई भी कर रही हैं। वहीं अन्य महिलाओं को भी रोजगार दे रही हैं। सरकार भी महिला सशक्तिकरण की दिशा में काफी कदम उठा रही है। सरकार लखपति दीदी योजना चला रही है, लेकिन गांव घासेड़ा निवासी दीपिका यादव अपनी मेहनत से स्वयं ही लखपत दीदी बन चुकी है। दीपिका यादव आइसोलेटेड तरीके से मशरूम की खेती कर वर्ष में लाखों रुपये कमा रही है। उन्होंने गांव की जरूरतमंद महिलाओं को रोजगार भी दिया हुआ है। दीपिका 4 वर्ष से मशरूम की खेती कर रही है। उनके प्लांट से महीने में करीब 4 टन मशरूम की पैदावार हो जाती है, जिसको दिल्ली व गुरुग्राम सहित कई मंड़ियों में बिक्री के लिए सप्लाई किया जाता है। कारोबार की सफलता के बाद दीपिका नए प्लांट लगाने की भी तैयारी कर रही है, जिससे और भी महिलाओं को रोजगार मुहैया हो सकेगा।

दीपिका यादव अपने गांव घासेड़ा में गत 4 वर्ष से मशरूम की आर्गेनिक रूप से खेती कर रही है। वह 4 वर्ष पहले गुजरात घूमने गई थी, जहां उन्होंने आइसोलेटेड तरीके से हो रही मशरूम की खेती को देखकर मन बनाया और खेती को अपना रोल मॉडल बनाकर गांव में छोटे स्तर पर मशरूम की खेती करना शुरू कर दिया। खेती में सफलता मिलने पर वर्तमान में दीपिका एक साल में 48 से 50 टन मशरूम की पैदावार कर रही है, जिसे रेवाड़ी सहित गुरुग्राम और दिल्ली की सब्जी मंडियों में सप्लाई कर लाखों का मुनाफा कमाया जा रहा है। दीपिका ने मशरूम की खेती कर अपने परिवार का हाथ बंटाया, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को भी रोजगार देकर मजबूत प्रदान की। दीपिका के प्लांट में दस लोगों में 7 महिलाएं का कर रही है। दीपिका के प्लांट से महीने में 4 टन मशरूम की करीब 4.50 लाख की ब्रिकी हो जाती है, जिसमें उनको 90 हजार से 1 लाख तक का मुनाफा मिल रहा है यानि एक साल के करीब 48 टन मशरूम से वह 12 लाख रुपये सालाना कमा रही है।

### ग्रामीण महिलाओं का घर चलाना हुआ आसान

मशरूम की खेती में सहयोगी महिलाओं का कहना है कि इस प्लांट के लगने से पहले उन्हें घर चलाने में समस्या आती थी, लेकिन जब से गांव में प्लांट लगा है तब से उनको परिवार चालाना काफी आसान हो गया है। महिलाएं प्लांट में तैयार हुए मशरूम को तोड़ना और फिर पैकिंग करके गाड़ियों में लोड करने तक का कार्य कर रही है। 16 डिग्री के तापमान में कंटेनर के अंदर मशरूम की पैकिंग करके बिक्री के लिए सब्जीमंडियों में भेज दिया जाता है।

### आर्गेनिक मशरूम से सेहत बरकरार

दीपिका ने बताया कि उनके पति ओमपाल यादव सरकारी नौकरी करते हैं, जब उनकी गुजरात में पोस्टिंग थी तो वह अपने पति के साथ कुछ समय के लिए गुजरात गई थी जहां उन्होंने आइसोलेटेड तरीके से तैयार होती मशरूम की फसल को देखा तथा उसकी पूरी विधि की जानकारी ली। गुजरात से आकर उन्होंने अपने गांव में मशरूम की खेती करने का मन बना लिया और गुजरात के प्लांट के 16 डिग्री के तापमान को बरकरार करते हुए आइसोलेटेड रूम बनाया और उसमें मशरूम की खेती शुरू की। दीपिका ने कहा कि प्लांट लगाने में सरकार की जगमग योजना काफी कारगर बनी तथा कार्य शुरू करने में हार्टिकल्चर विभाग से डा. प्रेम यादव व डा.मंदीप यादव का काफी सहयोग मिला। खेती में मदद के लिए उनकों कुछ लोगों की जरूरत थी तो उन्होंने गांव की महिलाओं को रोजगार देकर टीम में शामिल कर लिया तथा उन्हें मशरूम की खेती करना और काटना सिखाया दीपिका ने बताया कि मंडियों में मिलने वाली अधिकांश सब्जियां यूरिया या डीएपी खाद्य का प्रयोग कर उगाई जाती है, जिसका नुकसान इंसान की सेहत पर पड़ता है, लेकिन जो मशरूम उनके प्लांट में तैयार किया जा रहा है, वह पूर्ण रूप से ऑर्गेनिक है, जिसकों खाने से लोगों का स्वास्थ्य भी बेहतर बना रहेगा।

**महिला से नजदीकियां बढ़ने पर गांव फाजिलपुर के पास दिया वारदात को अंजाम**

# गत्ता व्यापारी को कॉल कर बुलाया चाकू से रेता गला, दंपति गिरफ्तार

- आरोपी पति-पत्नी को आज अदालत में पेश कर रिमांड की अपील करेगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। कागजी कार्यवाही करते हुए पुलिस तथा इनसेट में मृतक राकेश।



सोनीपत। गिरफ्तार आरोपित पुलिस टीम के साथ।

सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में गत्ता व्यापारी को फोन कॉल से बुलाकर उसकी गर्दन रेतकर व पेट में चाकूओं से वार करके बेरहमी से हत्या करने का सनसनी खेज मामला सामने आया है। राहगीर की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व एफएसएल की टीम ने वारदात स्थल से नमुने एकत्रित किए। उसके बाद शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां पोस्टमार्टम में गर्दन करीब 80 प्रतिशत कटी हुई मिली तो शरीर पर 10 के करीब निशान मिले हैं। वहीं पुलिस की गठित टीमों ने हत्यारोपित पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अंजू व उसका पति शंकर निवासी ज्ञान नगर के है। पुलिस आरोपितों को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील करेगी। शहर के ज्ञान नगर निवासी प्रवीन ने बताया कि उसका भाई राकेश (34) गत्ता बेचने का काम करता था। उन्हें सुबह पुलिस से सूचना मिली कि उसका शव गांव फाजिलपुर के पास खुन से लथपथ हालत में मिला है। सूचना के बाद परिवार सहित वह मौके पर पहुंचा। जहां उसने अपने भाई का शव पड़ा हुआ मिला। शव से कुछ दूरी पर उसकी मोटरसाइकिल खड़ी हुई थी। परिजनों ने बताया कि बेटा देर रात घर से निकला था। इसके बाद नहीं लौटा। पुलिस ने मृतक के फोन की कॉल डिटेल खंगाली तो पता चला उसकी रात को पड़ोस में रहने वाली अंजू पत्नी शंकर से बात हुई थी। इसके बाद पुलिस अंजू तक पहुंची। अंजू ने बताया कि पति को उसके व राकेश के बात करने का पता चल गया था। जिसे पति बेहद गुस्से में था। पति शंकर ने सोमवार रात को उससे फोन करके राकेश को फाजिलपुर के पास बुलाया था, जबकि शंकर खुद झाड़ियों में छुप गया था। राकेश जैसे ही सेक्टर 12 के पास पहुंचा, पत्नी ने उसकी गर्दन व शरीर के अन्य अंगों पर चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी थी। इसके बाद वह यहां से फरार हो गए थे। पुलिस ने आरोपित शंकर व उसकी पत्नी अंजू को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को बुधवार कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### पत्नी से ही करवाया फोन

पुलिस ने मिली जानकारी के अनुसार शंकर पेशे से गाड़ी चालक है। वह काम के कारण अकसर घर से बाहर रहता था। जबकि मृतक राकेश इनका पड़ोसी है। शंकर पेटीएम से राकेश के पास पैसे भेज देता था, ताकि वह उनके घर दे दे। इस दौरान राकेश व अंजू एक दूसरे के कांटेक्ट में आए। दोनों की फोन पर बात होने लगी। शंकर पत्नी के पास फोन करता तो उसका फोन व्यस्त आता। घर आने पर शंकर ने पत्नी से दबाव देकर बात की तो उसने राकेश के बारे में बताया। शंकर ने राकेश को मारने की प्लानिंग की ओर पत्नी से ही राकेश के पास फोन करवाया और सेक्टर 12 के पास बुलाया। जहां उसकी बेहरमी से चाकूओं से गोदकर हत्या कर दी।

### वारदात स्थल से चाकू बरामद

सुबह फाजिलपुर के पास शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। वहीं गठित टीमों ने वारदात को अंजाम देने के आरोपित पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की जायेगी। वारदात स्थल से चाकू को बरामद कर लिया है।

**एसीपी राजपाल सिंह।**

# बिजली निगम के सीए पर लगा 5 हजार जुर्माना

- हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने लगाया जुर्माना
- अधिसूचित सेवा तय समय सीमा में न देने और काम में ढिलाई बरतने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने कठोर कदम उठाते हुए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम पानीपत में कार्यरत कमर्शियल सहायक (सीए) पर 5 हजार रूपए का जुर्माना लगाया। आयोग ने यह जुर्माना अधिसूचित सेवा निर्धारित समय सीमा में न देने व काम मे ढिलाई बरतने के कारण लगाया गया। प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता सत्या देवी जिंदल ने बिंलिग तथा खराब मीटर से सम्बंधित शिकायत उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम पानीपत में भेजी थी। 10 जुलाई 2023 से 22 जनवरी 2024 के बीच उपभोक्ता का मीटर खराब था। इस अवधि के दौरान उसे एवी बेसिस (लगभग 2272 यूनिट) पर बिल दिया गया था। गौरतलब है कि उपभोक्ता का खराब मीटर 21 जनवरी 2024 को स्मार्ट मीटर से बदल दिया गया था। इसी साल नौ फरवरी को उपभोक्ता को एक बिल प्राप्त हुआ जिसमें पहले जारी किए गए औसत बिल के बदले 16,487.87 रुपये का बिल बनाकर भेजा गया। इसी बिल के आधार पर उपभोक्ता ने अपनी शिकायत दर्ज कराई। जांच के बाद निगम ने उपभोक्ता के 7,245 रुपये वाले बिल दुरस्त करके पुनः औसत बिल 5,350 रुपये का बिजली बिल बनाया गया। आयोग ने जांच मे पाया कि इस मामले में विभिन्न स्तर पर ढिलाई बरती गई तथा उपभोक्ता को कई परेशानी का सामना करना पड़ा।

इस संबंध में आयोग ने पानीपत के अधीक्षक अभियंता को निर्देश दिए हैं कि सेवा राम, सीए के वेतन में से 8 हजार रूपए की कटौती की जाए जिसमें 5 हजार रूपए राज्य खजाने में जमा करवाकर रसीद सहित आयोग को सूचित किया जाए एवं इसके अलावा शिकायतकर्ता सत्या देवी जिंदल के बैंक खाते में 3 हजार रूपए बतौर मुआवज़ा जमा करवाया जाए।

### औसत खपत से ज्यादा का दिया गया बिजली बिल

आयोग के हस्तक्षेप के बाद, सीए ने माना कि एवी आधार पर उपभोक्ता से 2272 यूनिट का शुल्क लिया जा रहा था, जो उसकी औसत खपत को देखते हुए अधिक था जोकि 290 यूनिट होना चाहिए था। इसके आधार पर, उपभोक्ता के बिल को पीवाईएम के आधार पर दुरस्त करके 7,245 रुपये का औसत बिल बनाकर उपभोक्ता को भेजा गया। चूंकि आयोग उपरोक्त प्रतिक्रिया से संतुष्ट नहीं था, इसलिए आगे की जांच के लिए आयोग के मुख्य आयुक्त टीसी गुप्ता के समक्ष सुनवाई निर्धारित की गई थी।

# नूंह जेल में दो बंदियों ने की आत्महत्या

- परिजनों ने जेल प्रशासन पर लगाया हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नूंह

जिला कारागार नूंह में बंद दो बंदियों के द्वारा आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सीएचसी नूंह में रखवा दिया है। मृतक के परिजनों ने जेल प्रशासन पर हत्या करने का आरोप लगाया है। साथ ही उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा है कि अगर जेल प्रशासन ने वीडियोग्राफी के साथ - साथ डॉक्टरों के बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम नहीं कराया तो साथ ही इस मामले में जल्दी उचित कार्रवाई नहीं की तो शव लेने से भी इनकार किया जा सकता है। परिजनों में गुस्सा है। जानकारी के मुताबिक वकील पुत्र राजपाल उम्र 23 साल गांव रणसीका गत 30 जून से जिला कारागार नूंह में बंद है। इस पर पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत पिनगवां थाने में मामला दर्ज किया गया था। दूसरे बंदी का नाम नारायण पुत्र सुमोता उम्र 22 साल गांव खलीलपुर तिजारा बताया जा रहा है, लेकिन जेल प्रशासन ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए नूंह सीएचसी में रखवा दिया है। कुल मिलाकर जिला कारागार नूंह में बंदियों के द्वारा आत्महत्या करने का यह पहला मामला प्रकाश में आया है। हालांकि इससे पहले जेल प्रशासन पर बंदियों के साथ मारपीट करने के आरोप लगते रहे हैं। कुल मिलाकर इस मामले में त्वरित व उच्च स्तरीय जांच की आवश्यकता है, ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। कुल मिलाकर बंदियों ने आत्महत्या की हो या फिर उनकी मौत की कोई दूसरी वजह हो। इसका पता तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही पता चलेगा, लेकिन जिला कारागार नूंह में अलग - अलग मामलों में बंद दो बंदी अब दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह चुके हैं।

# नाराज निजी अस्पताल संचालकों को राहत, जल्द मिलेगा भुगतान

- आयुष्मान कार्डधारकों का निजी अस्पतालों द्वारा उपचार रोक दिए जाने का मामला

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

आयुष्मान भारत कार्ड पर उपचार देने के बाद अपने भुगतान का इंतजार करने वाले निजी अस्पताल संचालकों के लिए अच्छी खबर है। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने संबंधित आला अफसरों को जल्द स्वास्थ्य भुगतान जारी करने का आदेश दे दिया है। विभाग की ओर से 68 करोड़ की राशि जारी कर दी गई है। आने वाले वक्त में बाकी राशि को भी दो से तीन चरणों में जारी कर दिया जाएगा। अहम बात यह है कि हरियाणा के कई जिलों में निजी अस्पताल संचालक आंदोलन की राह पर हैं, साथ ही पुराना भुगतान होने तक उन्होंने इस कार्ड पर उपचार के लिए पांच जुलाई तक रोक लगाई हुई है। करनाल सहित कई जिलों में निजी अस्पताल संचालक प्रदर्शन और ज्ञापन देकर नाराजगी भी जाहिर कर चुके हैं। पूरे मामले में मंगलवार को जब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से इस बारे में सवाल किया गया है, तो उन्होंने साफ कर दिया कि वित्त और सेहत विभाग के अधिकारियों को मामले में आदेश जारी कर दिए गए थे, इसलिए जल्द ही भुगतान की प्रक्रिया शुरु हो जाएगी, उन्हें मरीजों का उपचार करने से इनकार नहीं करना चाहिए। यहां पर यह भी बता दें कि हरियाणा राज्य इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से फैसला लेकर गत दिवस उपचार बंद कर दिया गया था, हालांकि उसके कुछ दिन पहले ही बकाया पैसा नहीं मिलने पर उपचार बंद करने की चेतावनी जारी की गई थी, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। एसोसिएशन की ओर से दावा किया जा रहा है कि उन्होंने मजबूर होकरइलाज बंद करने का फैसला लिया है।

आयुष्मान भारत कार्डों के आधार पर जो भी उपचार किया गया है, उसका लगभग दो सौ करोड़ के करीब पूरे हरियाणा के निजी अस्पतालों का बकाया है। जिसका भुगतान किया जाए इसके बाद यह सुविधा फिर से शुरू की जाएगी। अब कार्डधारक भी इंतजार कर रहे हैं। एक जुलाई से उपचार बंद कर दिए जाने के कारण पांच तक लोग सुविधा प्राप्त करने के लिए परेशान होंगे। वैसे, भी अस्पताल संचालक भुगतान नहीं होने की दशा में अनिश्चितकाल सुविधा बंद करने की तैयारी में हैं। वैसे, गत दिवस ही योजना के तहत इलाज करना बंद कर दिया गया था। सरकार को 5 जुलाई तक का अल्टीमेट दिया गया था।

### कार्ड धारकों के सामने भी संकट

निजी अस्पताल संचालकों द्वारा उपचार से इनकार कर दिए जाने के कारण अब कार्ड धारकों के सामने बेदह ही चुनौती भरा वक्त है।उनके तीमारदार और मरीज धक्के खाने को मजबूर हो गए हैं।प्राइवेट अस्पतालों की ओर से आयुष्मान योजना के तहत 5 जुलाई तक इलाज बंद किया गया है। आईएमए ने तुरंत ही भुगतान रिलीज करने की मांग की थी।

**नूंह गो टास्क प्रभारी पर लगा था महिला से मारपीट कर फर्जी मुकदमे में फंसाने का आरोप**

# मारपीट मामले में महिला निर्दोष, कोर्ट के आदेश पर डिस्चार्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नूंह

- गो टास्क टीम के विरुद्ध उठी थी कार्रवाई की मांग



पीड़ित महिला



अधिवक्ता ताहिर देवला

बीते माह नूंह गो टास्क फोर्स टीम पर मेवली गांव की महिला के साथ मारपीट कर झूठे मुकदमे के मामले में महिला को निर्दोष पाया गया है। कोर्ट ने महिला को डिस्चार्ज करने का आदेश दिया है। इस पूरे मामले को अब पुलिस की किरकिरी के तौर पर देखा जा रहा है। पीड़ित पक्ष की ओर से नूंह पुलिस अधीक्षक एवं आईजी रेवाड़ी रेंज को गो टास्क प्रभारी राधेश्याम और उसकी टीम के विरुद्ध जोर शोर से कार्रवाई की मांग उठी थी। पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता ताहिर देवला ने बताया कि उन्होंने ही सबसे पहले इस मुद्दे को उठाया था। जिसमें वरिष्ठ समाजसेवियों सहित विपक्षी नेताओं ने भी पुलिस कार्रवाई के विरुद्ध रोष प्रकट किया था। उन्होंने कहा कि आखिर मेवली गांव की महिला को निर्दोष पाया।जिसे कोर्ट ने डिस्चार्ज करने का दिया है। सोमवार को महिला जेल से बाहर आ गई।

बता दें कि बीते 19 जून को गाव मेवली थाना नूंह में जायफा के मकान में सुबह 6 बजे के करीब गो टास्क फॉर्स प्रभारी राधेश्याम और साथी कर्मचारियों पर जबरन घर में घुसने के आरोप लगे थे। आरोपों के मुताबिक जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए महिला को अपमानित किया। फिर जबरदस्ती मारपीट कर थाने में ले आए। पीड़ित पक्ष का दावा था कि मकान में रखे फ्रिज में भैंस का दो किलो मांस था। जिसे प्रतिबंधित मांस बताकर गो टास्क फॉर्स ने थाने में महिला के साथ लाठियां और घूसों से बेरहमी से मारपीट की। फिर इस संदर्भ में एक फर्जी मुकदमा दर्ज करते हुए बरामद भैंस के दो किलो मांस को 12 किलो प्रतिबंधित मांस दर्शाया। जबकि मकान में किसी प्रकार का प्रतिबंधित मांस नहीं था। गो टास्क फॉर्स प्रभारी राधेश्याम और कर्मचारियों के द्वारा महिला से ज्यादा मारपीट के कारण हालत खराब हो गई। पीड़िता के पिता का दावा था कि जिला जेल सलंबा के कर्मचारियों ने बेटी को नल्हड़ मेडिकल में उपचार कराया। इस संदर्भ में नूंह पुलिस अधीक्षक सहित उच्च अधिकारीयों को गो टास्क फॉर्स प्रभारी और कर्मचारियों के विरुद्ध शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। हालांकि नूंह गो टास्क फोर्स प्रभारी राधेश्याम ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए कहा था पुलिस आरोपी महिला के ठिकाने पर दबिश देने पहुंची थी। जहां पर प्रतिबंधित मांस बरामद मिला। नियम अनुसार इस मामले में केस दर्ज किया गया। महिला के साथ कोई मारपीट नहीं हुई। महिला के पति पर पूर्व में भी गो तस्करी और हत्या के मामले दर्ज बताए गए।

इस घटना से मेवात क्षेत्र में गो टास्क फॉर्स पर भेदभाव से कार्रवाई करने के आरोप लगे। जिनके विरुद्ध सोशल मीडिया पर जोर शोर से कार्रवाई करने की मांग उठी थी। वरिष्ठ अधिवक्ता अधिवक्ता ताहिर ने सबसे पहले कार्रवाई के प्रति रोष जाहिर करते हुए लिखा कि एक बार फिर मेवात को हिंसा के लिए उकसाने की शुरुआत की जा रही है, जबकि कांग्रेसी नेता व नूंह विधायक आफ़ताब अहमद ने इसे भेदभाव की कार्रवाई बताया था। सोमवार को गौरक्षा दल से जुड़े आचार्य आज़ाद ने स्थानीय विधायक भी गलत बयानबाजी की। इस मामले में एडिशनल एसपी सोनाक्षी सिंह को जांच भी सौंपी गई थी और 5 दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश तत्कालीन एसपी नूंह ने दिए थे। अब महिला की रिहाई के बाद पुलिस के तमाम आरोपों और कार्रवाई पर सवालिया निशान लगना आम बात है।

# कमरे की छत गिरी, मलबे में दबकर किसान की मौत

- बरसात के कारण खेत में बने कमरे में सो गया था बुजुर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले की पंजाब सीमा से सटे गांव थेड़ी में मंगलवार सुबह हुए हादसे में एक किसान की मौत हो गई। आधी रात को खेत में पानी लगाने के लिए गए बुजुर्ग किसान पर ट्यूबवेल के कमरे की छत आ गिरी और मलबे में दबने से किसान की मौत हो गई। सुबह जब किसान का बेटा खेत में गया तो उसने देखा कि कमरे की छत गिरी हुई थी और उसके पिता उसके नीचे दबे पड़े थे। उसने जब अपने पिता को बाहर निकाला तो पाया कि उनकी मौत हो गई चुकी थी। जानकारी के अनुसार थेड़ी निवासी 67 वर्षीय महावीर सिंह खेती बाड़ी करता था। सोमवार रात को उसके खेत में पानी की बारी थी, इसलिए वह पानी लगाने के लिए खेत गया हुआ था। रातभर से रुक रुक कर बारिश भी हो रही थी। इजस कारण वह पानी लगाने के बाद अपने खेत के ट्यूबवेल के कमरे में ही बैठ गया। अस्पताल पहुंचे ग्रामीण निशान सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 6 बजे महावीर सिंह खेत में पानी लगाने के बाद ट्यूबवेल संभालने के लिए ट्यूबवेल के कमरे में गया था और इसी दौरान कमरे की डाट वाली छत भरभराकर नीचे आ गिरी, जिसके नीचे वह मलबे के नीचे दब गया। सुबह उसका बेटा विनोद खेत गया था। उसने देखा तो छत गिरी हुई थी और उसका पिता नीचे दबा हुआ था।

## रिपोर्ट आने के बाद बैंक के शेयर में आई गिरावट

# हिंडनबर्ग ने अडानी के बाद अब कोटक बैंक को लपेटा, निवेशकों में मचा हड़कंप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी शॉर्ट-सेलर फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोप लगाने का सिलसिला जारी है। बीते साल अडानी ग्रुप पर अलग-अलग तरह के दावे के बाद अब हिंडनबर्ग ने कोटक महिंद्रा बैंक को लपेट लिया है। हिंडनबर्ग ने दावा किया कि अरबपति बैंकर उदय कोटक ने बैंक के साथ-साथ ब्रोकरेज कंपनी की स्थापना की और एक अज्ञात निवेशक द्वारा इस्तेमाल किए गए विदेशी फंड की देखरेख की। हिंडनबर्ग ने इस फंड का इस्तेमाल अडानी समूह के शेयरों में गिरावट से लाभ उठाने के लिए किया गया। हालांकि, इस मामले में कोटक महिंद्रा बैंक की ओर से सफाई भी दी गई है।

कोटक बैंक के मुताबिक हिंडनबर्ग कभी कोटक महिंद्रा इंटरनेशनल लिमिटेड का क्लाइंट नहीं रहा है और न ही वह कभी फंड में निवेशक रहा है। वहीं इस मामले में हिंडनबर्ग ने कहा कि उसे 27 जून को सेबी से एक ईमेल मिला तथा बाद में एक कारण बताओ नोटिस भेजा गया जिसमें भारतीय नियमों के संदिग्ध उल्लंघन का उल्लेख था। कंपनी ने कहा आज तक अदाणी (समूह) हमारी रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों का जवाब देने में विफल रहा है। इसके बजाय उन्होंने हमारे द्वारा उठाए गए हर प्रमुख मुद्दे को नजरअंदाज करते हुए जवाब दिया और बाद में मीडिया में लगाए गए आरोपों का पूरी तरह खंडन किया है।'' उसने कहा कि जनवरी 2023 की रिपोर्ट ने '' (समूह के चेयरमैन) गौतम अदाणी के भाई विनोद अदाणी और करीबी सहयोगियों द्वारा नियंत्रित अपतटीय शेल संस्थाओं के एक विशाल नेटवर्क का सबूत प्रदान किया था।




### सेबी की नोटिस के बाद खुलासा

हिंडनबर्ग ने जनवरी, 2023 में अडानी समूह पर शेयरों के भाव में हेराफेरी और वित्तीय गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी। इसके बाद अडानी समूह के शेयरों में भारी गिरावट आई थी। इस रिपोर्ट के लिए हिंडनबर्ग को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कारण बताओ नोटिस भी मिला है। हिंडनबर्ग पर अडानी ग्रुप के शेयरों में गिरावट के दौरान कमाई करने के आरोप लगे हैं।

### कारण बताओ नोटिस धमकाने का प्रयास

अब सेबी के कारण बताओ नोटिस को हिंडनबर्ग ने धमकाने का प्रयास बताया है। इसी के साथ कोटक महिंद्रा बैंक को लेकर भी दावा किया है। अमेरिकी कंपनी का दावा है कि हमारे पार्टनर के लिए इसी बैंक ने ऑफशोर फंड स्ट्रक्चर बनाया और उसकी देखरेख की है, जिसका इस्तेमाल करके हमने अडानी के शेयरों को शॉर्ट किया।

### बैंक के शेयर क्रैश

*हिंडनबर्ग के आरोपों के बीच कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर क्रैश हो गए। सप्ताह के दूसरे दिन मंगलवार को यह शेयर पिछली क्लोजिंग 1808.75 रुपये के मुकाबले 1736.65 रुपये पर आ गया। यह करीब 3 फीसदी की गिरावट को दिखाता है। शेयर ने मई 2024 में 1,544.15 रुपये के स्तर को टच किया था। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो भी है।*

### अदाणी का मामला गया था सुप्रीम कोर्ट तक

*हिंडनबर्ग ने अदाणी समूह पर शेयरों के भाव में हेराफेरी और वित्तीय गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी। उस समय समूह ने सभी आरोपों से इनकार किया था। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने फैसला सुनाया था कि समूह को अतिरिक्त जांच का सामना करने की जरूरत नहीं है। हालांकि, यह रिपोर्ट आने के बाद अदाणी समूह के शेयरों में 150 अरब डॉलर से अधिक की बिकवाली हुई थी। हालांकि दुनिया के दूसरे सबसे अमीर उद्यमी के रूप में सूचीबद्ध गौतम अडाणी शीर्ष 20 से भी बाहर हो गए। बाद में समूह ने इस नुकसान की काफी हद तक भरपाई की।*

## एलजी के 2024 साउंडबार्स के उन्नत ऑडियो के साथ घर पर लें संपूर्ण मनोरंजन का आनंद

**नई दिल्ली।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने अपने नवीनतम साउंडबार्स की रेंज के लॉन्च के साथ होम एंटरटेनमेंट में नए मानक स्थापित करना जारी रखा है। 2024 की लाइन-अप में SQ75TR, SG10Y, SQ70TY, S77TY और S65TR मॉडल शामिल हैं। एलजी टीवी के साथ सहजता से मेल खाने के लिए डिज़ाइन किए गए ये साउंडबार अपनी मजबूत साउंड क्वॉलिटी, बेहतरीन फीचर्स और परिष्कृत डिज़ाइनों के माध्यम से एक उन्नत होम सिनेमा अनुभव का वादा करते हैं। साउंडबार और टीवी के बीच बेहतर तालमेल बनाकर, एलजी के नवीनतम साउंडबार मॉडल की उन्नत ऑडियो गुणवत्ता घर पर मनोरंजन के अनुभव को अधिकाधिक सुविधा एवं तल्लीनता की भावना के साथ समृद्ध करती है। WOW सिनर्जी (ऑर्केस्ट्रा, इंटरफेस, कास्ट) फीचर के साथ, साउंडबार और एलजी टीवी अपने ऑडियो चैनलों की पूरी क्षमता का उपयोग करते हैं, जिससे विस्तारित साउंडस्टेज और बेहतर गहराई और ऊँचाई के साथ एक अद्वितीय ऑडियो अनुभव मिलता है। आसपास के ध्वनि अनुभव के लिए आदर्श विकल्प, एलजी के नए साउंडबार्स डॉल्बी एटमॉस® की उच्च गुणवत्ता प्रदान करते हैं, जिसे DTS:X की उन्नत तकनीक द्वारा संचालित किया जाता है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के निदेशक-होम एंटरटेनमेंट यंग ह्वान जंग ने कहा, "हमारी नई साउंडबार्स की रेंज ऑडियो टेक्नोलॉजी में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतिनिधित्व करती है, जो आधुनिक उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई है।

## कमजोर वैश्विक संकेतों से सोने, चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली (भाषा)।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती को लेकर अनिश्चितता के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मंदी के रुख को देखते हुए राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट आई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) के वायदा कारोबार में अगस्त डिलिवरी वाले सोने के अनुबंध की कीमत 122 रुपये या 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,532 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही थी। दिन के कारोबार के दौरान यह कीमती धातु 71,432 रुपये प्रति 10 ग्राम के निचले स्तर पर पहुंच गई। हाजिर और वायदा बाजार में भी चांदी की कीमतों में गिरावट आई।एमसीएक्स में सितंबर डिलिवरी वाले चांदी अनुबंध की कीमत 81 रुपये घटकर 89,669 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

**PUBLIC NOTICE**

The Directorate of Town & Country Planning, Haryana has granted CLU Permission to Suraj Shiksha Samiti over an area measuring 7975.38 Sq. Mtr. in the revenue estate of Vill. Lehroda, District Mahendergarh.

The Samiti has applied for up-gradation the CLU from Middle School to Senior Secondary School. Objections /Suggestions are invited, if any to be filed within 30 days of publication, before the Office of District Town Planner, Mahendergarh.

Sd/-
Suraj Shiksha Samiti

**NOTICE**

I, Praveen Bansal S/o Sh. Devkinand Aggarwal R/o H. No. 1/60, West Punjabi Bagh, West Delhi-110026 declare that I have lost my blood deed in the name of Praveen Bansal document no. 1663 dt. 29/05/2018 Book No. 1 Mustkila No 25/17/2, Area 2085 Sq. Yard Rakba Hasanpur MIE Bahadurgarh Part-1. Somewhere on 08.06.2024 at Punjabi Bagh, Delhi.

**NOTICE**

Me and My father late Mr. Prem Singh booked a flat No-51 Floor 5th Tower H1-8 in Assotech-Supertech (JV) at Metropolis city, Ruderpur. Now after demise of my father, I Vikas Arya have requested M/s Supertech Ltd. to transfer the said flat in my name. If anybody has an objection to this he/she may contact M/s Supertech Ltd. at their head office E square plot no C-02 Sector-96, Noida UP within 15 days of this notice.

Vikas Arya
Address: 1080/24, Ram Nagar, Rohtak
Mob No. 9896596825

## शेयर बाजार में गिरावट 34 अंक लुढ़का सेंसेक्स निफ्टी भी फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

शेयर बाजार के सेंसेक्स और निफ्टी में 2 जुलाई हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन गिरावट दर्ज हुई है। बाजार बंद होने तक 34 अंक की गिरावट के साथ सेंसेक्स आज 79,441.45 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 18 अंक फिसलकर 24,123.85 अंक पर बंद हुआ। मिडकैप शेयरों में भी आज उतार-चढ़ाव भरा माहौल रहा और निफ्टी मिडकैप 50 बाजार बंद होने तक 128 अंक की गिरावट के साथ 15,711.45 अंक पर बंद हुआ। टॉप गेनर्स में आज गोदरेज प्रोपर्टीज, मदरसन और लार्सन ने क्रमशः 4.41 फीसदी, 3.16 फीसदी और 2.83 फीसदी की बढ़त के साथ अच्छा प्रदर्शन किया। दीपक नाइट्रेट और कोफोर्ज लिमिटेड के शेयरों में भी क्रमशः 2.70 फीसदी और 2.45 फीसदी की बढ़त दर्ज हुई।



### सोना-चांदी की कीमत हुई कम

भारतीय सर्राफा बाजार में सोना-चांदी की कीमतों में आज भी गिरावट देखने को मिली है। आज 24 कैरेट सोना सस्ता होकर 71,858 रुपये प्रति 10 ग्राम बिक रहा है और चांदी की बात करें तो यह 88,085 रुपये प्रति किलो बिक रही है। खबर लिखे जाने तक अंतरराष्ट्रीय बाजार में यूरोपीय शेयर बाजार में सीएसी और डीएएक्स गिरावट के साथ कारोबार कर रहा था। अमेरिकी शेयर बाजार के एस एंड पी 500 और नैस्डेक बढ़त के साथ हरे निशान पर थे।

## एनर्जी कंपनी का आईपीओ आ रहा 5 को, 125 करोड़ जुटाने का टारगेट

*आईपीओ की 5 जुलाई को ओपनिंग, 9 जुलाई को क्लोजिंग*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एनर्जी सेक्टर से जुड़ी कंपनी- गणेश ग्रीन भारत का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 5 जुलाई को ओपन हो रहा है तो क्लोजिंग 9 जुलाई को है। इस आईपीओ के जरिये कंपनी 125.23 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। बता दें कि गणेश ग्रीन भारत सोलर पीवी मॉड्यूल मैन्युफैक्चरर है। गणेश ग्रीन भारत ने मंगलवार को बयान में कहा कि आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 181-190 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। वहीं, ग्रे मार्केट प्रीमियम 190 रुपये है। इसका मतलब ये हुआ कि शेयर की लिस्टिंग 380 रुपये पर हो सकती है। यह 100% प्रीमियम को दिखाता है। बता दें कि कंपनी के शेयर एनएसई एसएमई मंच इमर्ज पर सूचीबद्ध होंगे। आईपीओ पूरी तरह से 65.91 लाख नए शेयरों का इश्यू है। आईपीओ के अलॉटमेंट की अनुमानित तारीख 10 जुलाई है। आईपीओ की लिस्टिंग की अनुमानित तारीख 12 जुलाई है।




गणेश ग्रीन भारत आईपीओ के बुक रनिंग लीड मैनेजर हेम सिक्योरिटीज लिमिटेड हैं, जबकि इश्यू के रजिस्ट्रार केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड हैं। आईपीओ के आय का उपयोग सामान्य कॉमर्शियल, वर्किंग कैपिटल जरूरतों, कारखाने में नए उपकरण और मशीनरी की स्थापना के लिए कैपिटल एक्सपेंस और कुछ मौजूदा उधारों के पूर्ण या आंशिक री-पेमेंट के लिए किया जाएगा। बता दें कि गणेश ग्रीन का गठन अप्रैल, 2016 में किया गया। यह सौर पीवी मॉड्यूल मैन्युफैक्चरर, विद्युत ठेका सेवाओं और जलापूर्ति योजना परियोजनाओं पर काम करती है।

## करीब 17 प्रतिशत भारतीय असुरक्षित तरीके से रखते हैं महत्वपूर्ण वित्तीय पासवर्ड : सर्वे

**मुंबई (भाषा)।** प्रत्येक छह में से एक भारतीय (लगभग 17 प्रतिशत) महत्वपूर्ण वित्तीय पासवर्ड असुरक्षित तरीके से रखते हैं। मंगलवार को प्रकाशित एक हालिया सर्वेक्षण में यह निष्कर्ष निकाला गया है। सर्वेक्षण में पाया गया कि लगभग 17 प्रतिशत लोग एटीएम, डेबिट या क्रेडिट कार्ड, बैंक खातों और ऐप स्टोर के महत्वपूर्ण पासवर्ड को 'असुरक्षित' तरीके से रखते (स्टोर करते) हैं, जिसमें उनकी संपर्क सूची या मोबाइल फोन पर नोट शामिल हैं, जिससे डेटा चोरी होने का खतरा बढ़ जाता है। लोकलसर्किल्स द्वारा किए गए सर्वेक्षण में 367 जिलों के 48,000 से अधिक उत्तरदाता शामिल थे। इसमें कहा गया कि 34 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे अपने पासवर्ड दूसरों के साथ साझा करते हैं। लोकलसर्किल्स ने बयान में कहा कि इस साल मई में, रिजर्व बैंक ने पिछले दो वर्षों में बैंक धोखाधड़ी में 300 प्रतिशत की वृद्धि का खुलासा किया था।

## भारत ने म्यामां को पहली बार एक करोड़ रुपये की दाल निर्यात की

**ढाका।** भारत ने मंगलवार को रुपया-क्यात व्यापार समझौते के तहत म्यामां को पहली बार एक करोड़ रुपये से अधिक की दालों का निर्यात किया। यह एक ऐसा कदम है, जो द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देगा और स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ाएगा। यंगून में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''रुपया-क्यात व्यापार समझौते की व्यवस्था अब चालू है।'' इसमें कहा गया, ''पंजाब नेशनल बैंक के यंगून कार्यालय ने आज एक करोड़ रुपये से अधिक की दाल निर्यात के पहले लेन-देन को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। हम दोनों पक्षों के व्यवसायों को इस व्यवस्था से लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।''

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका कलानौर | नगर पालिका कलानौर में कुटिया बाबा ब्रह्मदास सेवा समिति के निकट पार्क की चारदिवारी का प्लास्टर। | 01.07.2024 09.07.2024 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9802401200 secy-kalanaur@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27386/I/88/6 दि. 02.07.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी जीन्द | एमसी नरवाना, जिला जीन्द में सब यार्ड धमतान साहिब की विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 09.07.2024 | 165.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1681252003 eejind37.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27385/I/88/6 दि. 02.07.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचपीजीसीएल | खेदड़, हिसार में 1×800 एमडब्ल्यू कोयला आधारित अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल यूनिट की स्थापना हेतु विस्तृत प्रोजैक्ट परामर्शदायी के लिए परामर्शदाता की नियुक्ति। | 28.06.2024 29.07.2024 | ईएमडी 10 लाख | www.hpgcl.org.in | 0172-5022424 caprojects@hpgcl.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27383/I/88/6 दि. 02.07.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद गोहाना | नगर परिषद गोहाना में ड्रेन नं. 8 पर ऑक्टागोनल पोल का प्रावधान व स्थापना + 1 कार्य। | 27.06.2024 11.07.2024 | एनए | https://etenders.hry.nic.in | 1263252013 eo-gohana@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27377/I/88/6 दि. 02.07.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी सिरसा | गांव कमाल में खरीद केन्द्र का निर्माण (सी.एम. घोषणा कोड-24449) + 3 कार्य। | 27.06.2024 12.07.2024 | 7.36 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9416178720 xensirsa.hsamb23@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27376/I/88/6 दि. 02.07.24

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। भवन की साज-सज्जा पर खर्च बढ़ेंगे। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**वृष** — मीठे खानपान में रुचि बढ़ सकती है। मन परेशान हो सकता है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — परिश्रम भी अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**कर्क** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**सिंह** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — भागदौड़ अधिक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार में फायदा होगा।

**धनु** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। उच्च शिक्षा के लिए विदेश भी जा सकते हैं। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च बढ़ेंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**मकर** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**कुंभ** — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। वाहन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा खर्च बढ़ेंगे।

**मीन** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

### जॉब

☞ FRAUD कॉल से सावधान AIRTEL 5G कंपनी मे घर बैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महीना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त CALL/ WHATSAPP/ SMS करें- 7003467406 , 7645886307

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## जे.यू.आई.टी के छात्र ने इंडियाना यूनिवर्सिटी, यूएसए में सूचना विज्ञान में डॉक्टरेट कार्यक्रम में प्रवेश लिया

**नई दिल्ली।** जैव प्रौद्योगिकी और जैव सूचना विज्ञान विभाग, जेयूआईटी, सोलन, हिमाचल प्रदेश से जैव सूचना विज्ञान कार्यक्रम में बीटेक की 2024 पासआउट छात्रा विनम्रता शर्मा को स्कूल ऑफ इंफॉर्मेटिक्स, कंप्यूटिंग और इंजीनियरिंग में सूचना विज्ञान में प्रतिष्ठित डॉक्टरेट कार्यक्रम में प्रवेश दिया गया है। शैक्षणिक वर्ष 2024 के लिए इंडियाना यूनिवर्सिटी (आईयू), यूएसए इंडियाना यूनिवर्सिटी का स्कूल ऑफ इंफॉर्मेटिक्स, कंप्यूटिंग और इंजीनियरिंग अपने विश्व स्तरीय संकाय और उच्च रैंक वाले शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए प्रसिद्ध है, जो इसे क्षेत्र में इच्छुक विद्वानों के लिए शीर्ष विकल्पों में से एक बनाता है। शर्मा, जिन्होंने अपने क्षेत्र में असाधारण वादा और समर्पण दिखाया है, एक जीवंत शैक्षणिक समुदाय में शामिल होंगी जो अपने अत्याधुनिक अनुसंधान और जटिल समस्याओं को हल करने के लिए अभिनव दृष्टिकोण के लिए जाना जाता है। शर्मा का आईयू में प्रवेश उनके अकादमिक करियर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, और वह अभूतपूर्व अनुसंधान में शामिल होने और क्षेत्र में सार्थक योगदान देने के लिए उत्सुक हैं।

## उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने कार्य प्रगति की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, श्री शोभन चौधुरी ने आज उत्तर रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों एवं मण्डल रेल प्रबंधकों के साथ प्रधान कार्यालय बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली में उत्तर रेलवे की कार्य-प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में कई मुद्दों के साथ-साथ रेलपथों पर संरक्षा और रेल परिचालन इत्यादि पर विचार विमर्श किया गया । उन्होंने गतिशीलता बढ़ाने और अन्य विकासात्मक बुनियादी ढांचे के कार्यों और माल ढुलाई की प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में यात्रियों को विश्वसनीय और सुरक्षित परिवहन सेवा प्रदान करने के लिए रेलवे के चल रहे प्रयासों को रेखांकित किया गया। समीक्षा बैठक में ठोस संरक्षा उपायों को लागू करने, नियमित रूप से ड्रिल और सभी स्तरों के परिचालन में संरक्षा जागरूकता बढ़ाने जैसे मामलों पर चर्चा की गयी । उन्होंने कहा कि संरक्षा और समयपालनबद्धता जैसे विषयों पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता । महाप्रबंधक ने यात्रियों के समग्र अनुभव को और बेहतर करने के लिए शेड्यूल और समय-सारणी के महत्व पर प्रकाश डाला।

## शब्द पहेली - 5560




**बाएँ से दाए-**
1. पदमाकर, कमल सरोवर-5
4. इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6. देवस्थान, मंदिर-2
7. शिव आवास-3
8. उत्तम, सज्जन-2
10. पति, शोहर-3
11. दमकना-4
14. टीस, पीड़ा-3
16. झरने की आवाज-4
17. आशा, इच्छा-2
18. संध्या, शाम-2
19. निराकार, भगवान-4
21. बुझाना, शांति-3
22. अभिप्राय-4
24. आंचल-3
25. घोड़ागाड़ी-2
27. उष्ण-3
28. पिता के पिता-2
29. पंक्ति-3
30. तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**
1. कथा कहने वाला-5
2. चित, जी-2
3. कार्यशाला, यंत्रालय-4
4. माहिर, दक्ष-3
5. आकाश, गगन-2
7. कारावास-2
9. योग्य-3
12. अनुमान, अंदाज-3
13. झगड़ा, कहासुनी-4
15. मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16. पक्षियों का शोर-4
17. राहत, विश्राम -3
18. मुसीबत, आफत -3
20. होशियार, चेतावनी-5
21. नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23. मगरमच्छ-3
24. दर, मूल्य-2
26. भूमि, धरती-2
28. पिता के पिता-2

### शब्द पहेली -5559 का हल





# एशिया कप के लिए पाक टीम का ऐलान, भारत से पहले ही दिन भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*एशिया कप 2024 की अगले पखवाड़े में शुरुआत होने वाली है। श्रीलंका में होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपनी 15 सदस्यीय महिला टीम का ऐलान कर दिया है। अनुभवी ऑलराउंडर निदा डार टीम को टीम की कमान सौंपी गई है। इससे अलावा कई खिलाड़ियों को इस टीम में जगह नहीं दी गई है। हाल ही में निदा डार की कप्तानी में पाकिस्तान टीम का प्रदर्शन खराब रहा था। पाकिस्तान महिला टीम को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे में 2-0 और टी20 में 3-0 से हार का सामना करना पड़ा था। टूर्नामेंट के सभी मैच दांबुला में खेले जाएंगे। दो सेमीफाइनल 26 जुलाई को और फाइनल रविवार 28 जुलाई को होगा।*

### इन प्लेयर्स की हुई वापसी

*इंग्लैंड के खिलाफ खेलने वाली आयशा जफर और शदाफ शमास को एशिया कप 2024 के लिए चुनी गई टीम में जगह नहीं दी गई है। इरम जावेद, ओमैमा सोहेल और सैयदा अरूब शाह की टीम में वापसी हुई है। इसके अलावा 22 साल की तेज गेंदबाज तस्मिया रुबाब को पहली बार पाकिस्तान टीम में जगह मिली है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कराची में 4 दिन के कैंप के बाद टीम का ऐलान किया।*

## महिला एशिया कप 19 जुलाई से, फाइनल 28 को दांबुला में





### भारत-पाक का आमना सामना 19 को

एशिया कप 2024 में पाकिस्तान टीम ग्रुप ए में है। इस ग्रुप में उनके अलावा भारत, नेपाल और यूएई की टीम भी शामिल है। टूर्नामेंट की शुरुआत 19 जुलाई से होगी। पहले दिन ही 2 मुकाबले खेले जाएंगे। पहले मैच में नेपाल का सामना यूएई से होगा और दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान टीम की टक्कर भारत से होगी।

### महिला एशिया कप के लिए पाकिस्तान टीम

निदा डार (कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, फातिमा सना, गुल फिरोजा, इरम जावेद, मुनीबा अली, नजीहा अल्वी, नाशरा संधू, ओमैमा सोहेल, सादिया इकबाल, सिदरा अमीन, सैयदा अरूब शाह, तस्मिया रुबाब, तुबा हसन।

### पाक टीम 12 दिन के कैंप में हिस्सा लेगी

*श्रीलंका की उड़ान भरने से पहले पाकिस्तान टीम 12 दिन के कैंप में हिस्सा लेगी। इसकी शुरुआत 5 जुलाई से होगी और यह 16 जुलाई तक चलेगा। बता दें कि एशिया कप नए मुख्य कोच मोहम्मद वसीम, सहायक कोच जुनैद खान और स्पिन गेंदबाजी कोच अब्दुर रहमान के लिए पहला टूर्नामेंट होगा।*

## खबर संक्षेप



### बोलीविया को हराकर पनामा क्वार्टर फाइनल में

**ओरलैंडो।** ग्रुप सी मैच में पनामा ने बोलीविया को 3-1 से हराकर दूसरे स्थान पर रहते हुए पहली बार कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहा। पनामा क्वार्टर फाइनल में ग्रुप डी के विजेता से भिड़ेगा जो ब्राजील या कोलंबिया हो सकता है। जोस फजार्डो ने लगातार दूसरे मैच में गोल दागते हुए 22वें मिनट में पनामा को बढ़त दिलाई। ब्रूनो मिरांडा ने 69वें मिनट में बोलीविया को बराबरी दिला दी। एडवर्डो गुइरेरो ने 79वें मिनट में पनामा को 2-1 की बढ़त दिलाई जबकि सेजार यानिस ने इंजरी टाइम के पहले मिनट में एक और गोल दागकर टीम की 3-1 से जीत सुनिश्चित की।डेनमार्क के कोच थॉमस क्रिस्टियनसन के मार्गदर्शन में पनामा की टीम सिर्फ दूसरी बार कोपा अमेरिका टूर्नामेंट में खेल रही है।

### उरूग्वे से 0-1 की हार के बाद बाहर हुआ अमेरिका



**कन्सास सिटी।** अमेरिका को मथास ओलिवेरा के दूसरे हाफ में दागे विवादास्पद गोल के कारण उरूग्वे के खिलाफ 0-1 से शिकस्त का सामना करना पड़ा जिससे टीम कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर हो गई। उरूग्वे की ओर से ओलिवेरा ने 66वें मिनट में गोल दागा। निकोलस डि ला क्रूज की फ्री किक पर रोनाल्ड आराजो ने हेडर लगाया। मैट टर्नर ने हेडर पर तो गोल नहीं होने दिया लेकिन रिबाउंड पर ओलिवेरा ने गोल दाग दिया। शुरुआती हेडर के दौरान ओलिवेरा ऑफ साइड लगे लेकिन वीडियो समीक्षा के बाद गोल को बरकरार रखा गया। उरूग्वे की टीम ग्रुप सी में तीन मैच में नौ अंक के साथ शीर्ष पर रही। पनामा ने तीन मैच में दो जीत से छह अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया जबकि अमेरिका की टीम तीन मैच में एक जीत से तीन अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही।

### हॉकी इंडिया करेगी मास्टर्स कप की मेजबानी

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने 40 साल से अधिक उम्र के पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए मास्टर्स कप आयोजित करने की मंगलवार घोषणा की। इस टूर्नामेंट का मकसद अनुभवी हॉकी खिलाड़ियों के जुनून और कौशल का जश्न मनाने का है। हॉकी इंडिया से संबद्ध सभी राज्य सदस्य इकाइयां इस आयोजन में भाग लेने के लिए पात्र हैं। इस टूर्नामेंट में भाग लेने के इच्छुक 40 वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र खिलाड़ियों को अपनी संबंधित सदस्य इकाइयों से संपर्क करना होगा। इन खिलाड़ियों को हॉकी इंडिया की सदस्य इकाई की वेबसाइट के माध्यम से पंजीकरण करना होगा। टूर्नामेंट की तारीखों और स्थल की घोषणा बाद में की जायेगी। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने यहां जारी बयान में कहा, '' हम पहली बार हॉकी इंडिया मास्टर्स कप की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं।

**क्रिकेट : सैमसन, दुबे और जायसवाल आखिरी 3 मैचों के लिए पहुंचेंगे हरारे**

# जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले दो टी-20 मैच खेलेंगे सुदर्शन, जितेश और हर्षित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 5 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज के पहले 2 मैचों के लिए साई सुदर्शन, जितेश शर्मा और हर्षित राणा को भारतीय क्रिकेट टीम में शामिल किया है। बीसीसीआई ने विज्ञप्ति जारी कर इसकी पुष्टि की है।

इन तीनों खिलाड़ियों को संजू सैमसन, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल के स्थान पर टीम में जगह दी गई है। ये तीनों खिलाड़ी टी-20 विश्व कप 2024 की चैंपियन टीम का हिस्सा थे। बयान में यह भी स्पष्ट किया गया है कि सैमसन, दुबे और जयसवाल सीरीज के आखिरी 3 मैचों के लिए हरारे पहुंचकर टीम के साथ जुड़ जाएंगे।

### पहले 2 टी-20 मैचों के लिए भारतीय टीम

जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले 2 टी-20 अंतरराष्ट्रीय के लिए भारतीय टीमः शुभमन गिल (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे, साई सुदर्शन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर) और हर्षित राणा।



### हर्षित को पहली बार मिली भारतीय टीम में जगह

टीम में शामिल किए गए हर्षित ने अभी तक कोई भी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला नहीं खेला है, जबकि सुदर्शन और जितेश ने क्रमशः 3 वनडे और 9 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। विशेष रूप से, हर्षित और सुदर्शन ने आईपीएल 2024 में बेहद शानदार प्रदर्शन किया था। ऐसे में यह उसका इनाम माना जा सकता है। हालांकि, विकेटकीपर जितेश का प्रदर्शन इस साल लीग में कुछ खास नहीं रहा था।

### भारत के खिलाफ जिम्बाब्वे टीम का ऐलान, धाकड़ खिलाड़ी की हुई एंट्री



**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद अब भारतीय टीम जिम्बाब्वे का दौरा करेगी। इस दौरान दोनों टीमों के बीच 5 टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इस सीरीज की शुरुआत 6 जुलाई से होगी। सीरीज की शुरुआत से पहले जिम्बाब्वे ने अपने स्क्वॉड का एलान कर दिया है। मेजबान टीम में स्टार खिलाड़ी की एंट्री हुई है। दरअसल, जिम्बाब्वे ने अपने स्क्वॉड में अंतुम नकवी को शामिल किया है।

### अंतुम नकवी का प्रदर्शन

अंतुम नकवी ने इंटरनेशनल डेब्यू नहीं किया है। उन्होंने अब तक खेले 7 टी20 की 5 पारियों में 34.50 की औसत और 146.80 की स्ट्राइक रेट से 138 रन बनाए हैं। इस फॉर्मेट में उनका सर्वाधिक स्कोर 38 रन है। टी20 में अंतुम नकवी ने 9 विकेट भी चटकाए हैं। उन्होंने 8 लिस्ट ए मैच की 8 पारियों में 514 रन बनाए हैं और 9 शिकार किए हैं।

### टी20 सीरीज के लिए जिम्बाब्वे टीम

सिकंदर रजा (कप्तान), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, जॉनाथन कैंपबेल, तेंडाई चटारा , ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट कैया, क्लाइव मदांडे, वेस्ली माधेवेर, तदिवानाशे मारुमनी, वेलिंगटन मसाकाद्जा, ब्रैंडन मावुता, ब्लेसिंग मुजारबानी , डायोन मायर्स, अंतम नकवी , रिचर्ड नगारवा, मिल्टन शुम्बा।

### 5 मैचों की टी20 सीरीज का शेड्यूल

| | |
|---|---|
| पहला टी20 | : 6 जुलाई, हरारे स्पोर्ट्स क्लब |
| दूसरा टी20 | : 7 जुलाई, हरारे स्पोर्ट्स क्लब |
| तीसरा टी20 | : 10 जुलाई, हरारे स्पोर्ट्स क्लब |
| चौथा टी20 | : 13 जुलाई, हरारे स्पोर्ट्स क्लब |
| 5वां टी20 | : 14 जुलाई, हरारे स्पोर्ट्स क्लब |

**विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट**

# 44 गलतियां कर नागल पहले दौर में हारकर बाहर



एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत के शीर्ष एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने 44 सहज गलतियां की और विंबलडन के पहले दौर में सर्बिया के मियोमिर केकमानोविच के खिलाफ चार सेट में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में पहली बार हिस्सा ले रहे नागल को दो घंटे 38 मिनट तक चले मुकाबले में सोमवार रात 2-6, 6-3, 3-6, 4-6 से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया के 53वें नंबर के खिलाड़ी केकमानोविच के खिलाफ नागल ने एक सेट जीता। भारत के 72वीं रैंकिंग वाले 26 वर्षीय खिलाड़ी ने 47 विनर भी लगाए लेकिन अंत में नागल केकमानोविच के 122 अंक के मुकाबले केवल 104 अंक ही जुटा पाए। सर्बियाई खिलाड़ी ने छह ऐस लगाए और केवल दो डबल फॉल्ट किए।

### नागल का मौजूदा सत्र रहा शानदार

नागल का मौजूदा सत्र शानदार रहा है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रॉ के लिए भी क्वालीफाई किया था। उन्होंने शुरुआती दौर में कजाखस्तान के 31वें वरीय एलेक्जेंडर बुब्लिक को हराया था और 35 साल में किसी ग्रैंडस्लैम में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय पुरुष टेनिस खिलाड़ी बने थे। नागल ने एटीपी 1000 प्रतियोगिता इंडियन वेल्स मास्टर्स और मोंटे कार्लो मास्टर्स के मुख्य ड्रॉ के लिए भी क्वालीफाई किया था। इस भारतीय ने इस सत्र में दो चैलेंजर प्रतियोगिताएं हीलब्रॉन चैलेंजर और चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर जीते हैं। उन्होंने फ्रेंच ओपन में भी हिस्सा लिया था लेकिन शुरुआती दौर में हार गए थे।

**यूरो कप 2024**

# स्लोवेनिया को हराकर पुर्तगाल पहुंचा क्वार्टर फाइनल में



एजेंसी ▶▶| (फ्रैंकफर्ट (जर्मनी)

विश्व रैंकिंग में 57वें स्थान पर काबिज स्लोवेनिया ने यूरो 2024 फुटबॉल के प्री-क्वार्टर फाइनल में क्रिस्टियानो रोनाल्डो और कई दिग्गज खिलाड़ियों से सजी पुर्तगाल की टीम को 120 मिनट तक गोल करने से रोके रखा लेकिन टीम पेनल्टी शूटआउट में 0-3 से हार गयी।

अंतिम आठ में पुर्तगाल के सामने अब फ्रांस की चुनौती होगी। यूरो 2024 में अपने पहले गोल की तलाश कर रहे रोनाल्डो मैच में पांच-छह ऐसे मौकों पर चूक गये जिसे वह पिछले 20 साल के अपने करियर में गोल में बदलते रहे हैं।

### अतिरिक्त समय में भी रही बराबरी

*नियमित समय में मैच गोल रहित रहने के बाद आधे घंटे के अतिरिक्त समय में भी यह मुकाबला गोल रहित रहा। अतिरिक्त समय के बाद भी मैच गोलरहित बराबरी पर छूटा और फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ। पुर्तगाल के गोलकीपर डिओगो कोस्टा ने इसके बाद पेनल्टी शूटआउट में स्लोवेनिया के जोसिप इलिकिक के पहले प्रयास को विफल कर दिया। इसके बाद रोनाल्डो ने गोल कर टीम को बढ़त दिलाई और अपनी निराशा को पीछे छोड़ा*

### आत्मघाती गोल से बेल्जियम हारा

**डसेलडोर्फ।** रेंडल कोलो मुआनी के शॉट पर आत्मघाती गोल से फ्रांस ने बेल्जियम को यहां 1-0 से हराकर यूरो 2024 फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दो दिग्गज पड़ोसी टीमों और दुनिया की दूसरे (फ्रांस) तथा तीसरे (बेल्जियम) नंबर की टीमों के बीच हुआ यह प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबला उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा और मैच में सिर्फ एक गोल हो पाया। दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे मुआनी ने 85वें मिनट मे तेज शॉट मारा जो बेल्जियम के डिफेंडर यान वर्टोनगेन से टकराकर गोलकीपर कोएन केस्टील्स के ऊपर से गोल में चला गया। फ्रांस के खिलाफ मौजूदा टूर्नामेंट में यह दूसरा आत्मघाती गोल है। फ्रांस की टीम अंतिम आठ के मुकाबले में शुक्रवार को पुर्तगाल से भिड़ेगी जिसने पेनल्टी शूट आउट में स्लोवेनिया को हराया। मुआनी ने मैच के बाद कहा, ''मैं भाग्यशाली था कि मेरा शॉट निशाने पर था। इसे रोका गया लेकिन यह (गोल के) अंदर चला गया।

### वोंड्रोसोवा 1994 के बाद शुरुआती दौर में बाहर होने वाली पहली महिला विंबलडन चैंपियन बनीं

**लंदन।** मार्केटा वोंड्रोसोवा 1994 के बाद विंबलडन टेनिस के शुरुआती दौर में हार का सामना करने वाली पहली मौजूदा महिला चैंपियन बन गई। वोंड्रोसोवा को मंगलवार को सेंटर कोर्ट पर स्पेन की जेसिका बौजास मानीरो ने सीधे सेटों में 6-4, 6-2 से शिकस्त दी। वोंड्रोसोवा ने पिछले साल ऑल इंग्लैंड क्लब में कई उलटफेर करते हुए चैम्पियन बनीं थी। वह घास के कोर्ट पर खेले जाने वाले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में ट्रॉफी हासिल करने वाली पहली गैरवरीय महिला बनी थीं। उनके नाम अब एक और रिकॉर्ड दर्ज हो गया। 1968 में शुरू हुए खेल के ओपन युग में इससे पहले सिर्फ एक बार ऐसा हुआ है जब गत चैंपियन खिलाड़ी पहले दौर में बाहर हो गया हो। लगभग 30 साल पहले तब स्टेफी ग्राफ को लोरी मैकनील ने हराया था। वोंड्रोसोवा को इस बार छठी वरीयता दी गई थी। बाएं हाथ की यह खिलाड़ी 2019 फ्रेंच ओपन में उपविजेता और तीन साल पहले तोक्यो ओलंपिक में रजत पदक विजेता भी थी। वह हालांकि मंगलवार को कभी भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी। पिछले महीने बर्लिन में एक टूर्नामेंट के दौरान गिरने से उनका कुल्हा चोटिल हो गया था। वह शायद इस चोट से पूरी तरह से नहीं उबर सकीं हैं। पिछले सप्ताह अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंची स्पेन की 21 वर्षीय बौजास मानीरो ने उलटफेर भरी जीत दर्ज करने के बाद कहा, ''यह मेरे जीवन में, मेरे करियर में, इस खेल में सबसे महत्वपूर्ण क्षणों में से एक है।

# ओसाका ने पैरी को हराकर दर्ज की जीत, गॉफ भी अगले दौर में

एजेंसी ▶▶| विंबलडन



नाओमी ओसाका ने विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में छह साल में पहली जीत दर्ज की जब वह डियाने पैरी को हराकर महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहीं।

आसोका पांच साल विंबलडन में खेली भी नहीं। आसोका ने पहले दौर के कड़े मुकाबले में पैरी को 6-1, 1-6, 6-4 से हराया।जनवरी में टूर पर वापसी से पूर्व 15 महीने तक बाहर रहीं ओसाका की विश्व रैंकिंग इस समय 113 है जबकि वह दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी रह चुकी हैं। पैरी की विश्व रैंकिंग 53 है। दो बार की अमेरिकी और ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता ओसाका 2019 में पहले दौर में हार के बाद पहली बार विंबलडन में हिस्सा ले रहीं थी। इससे पहले कई बार की ग्रैंडस्लैम विजेता एरिना सबालेंका और विक्टोरिया अजारेंका ने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया।

### अन्य मैचों में खिलाड़ियों का प्रदर्शन

गत अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉफ, 2021 की अमेरिकी ओपन विजेता ऐमा राडुकानु और तीन बार के ग्रैंडस्लैम विजेता कार्लोस अल्कारेज भी जीत दर्ज करने में सफल रहे। गत चैंपियन अल्कारेज ने पुरुष एकल में खिताब की रक्षा के अपने अभियान की शुरुआत एस्टोनिया के क्वालीफायर मार्क ला याहल के खिलाफ 7-6, 7-5, 6-2 की जीत के साथ की। गॉफ ने कैरोलिन डोलेहाइड को 6-1, 6-2 से हराया जबकि राडुकानु ने रेनाटा जाराजुआ को 7-6, 6-3 से शिकस्त दी।

**टी-20 वर्ल्ड कप टूर्नामेंट में देखने मिले एक से बढ़कर एक रोमांचक मैच**

# फाइनल ही नहीं इन मुकाबलों ने भी बढ़ाई फैंस की धड़कनें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका को 7 रन से शिकस्त दी। इसके साथ ही रोहित शर्मा आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले तीसरे भारतीय कप्तान बन गए। इससे पहले मैन इन ब्लू ने कपिल देव और महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में आईसीसी ट्रॉफी उठाई थी। भारतीय टीम ने पहली और आखिरी बार 2007 में टी20 वर्ल्ड कप जीता था। इसके अलावा टीम ने साल 2013 में लास्ट टाइम आईसीसी की कोई ट्रॉफी (चैंपियंस ट्रॉफी) अपने नाम की थी। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के दौरान कई रोमांचक मुकाबले हुए।

### हाईवोल्टेज रहा भारत बनाम पाकिस्तान मैच



ग्रुप स्टेज में भारतीय टीम का समाना पाकिस्तान से हुआ था। इस लो स्कोरिंग मैच में टीम इंडिया ने पाकिस्तान को 6 रन से मात दी थी। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम 19 ओवर मे 119 रन पर ही सिमट गई थी। बाबर आजम की टीम को जीत काफी आसान लग रही थी, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने पाकिस्तान के मंसूबो पर पानी फेर दिया था। जसप्रीत बुमराह ने 3 और हार्दिक पांड्या ने 2 विकेट चटकाए थे। साथ ही अक्षर पटेल और अर्शदीप सिंह ने 1-1 शिकार कर पाक को धूल चटा दी।

### भारत बनाम साउथ अफ्रीका फाइनल

टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल ने फैंस की धड़कने बढ़ा दी थीं। भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज करते हुए 176 रन बनाए थे। जवाब में साउथ अफ्रीका ने 15 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 151 रन बना दिए थे। टीम को आखिरी 30 गेंदों पर जीत के लिए 30 रन चाहिए थे। भारतीय तेज गेंदबाजों की तिकड़ी ने यहां से मैच पलट दिया।

### ऐसे रहा श्वासरोधक रोमांचक मुकाबला

जसप्रीत बुमराह ने 16वें ओवर में 4 रन और 18वें ओवर में 2 रन देकर 1 शिकार किया। अर्शदीप सिंह ने 19वें ओवर में 4 रन खर्च किए। हार्दिक पांड्या ने 17वें ओवर में 4 रन और आखिरी ओवर में 8 रन दिए। 20वें ओवर में साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 16 रन चाहिए थे। ओवर की पहली ही गेंद पर सूर्यकुमार यादव ने डेविड मिलर का उम्दा कैच लपका और भारत की जीत पक्की कर दी।

### बांग्लादेश बनाम अफगानिस्तान

सुपर 8 के एक महत्वपूर्ण मैच में बांग्लादेश और अफगानिस्तान का आमना-सामना हुआ था। सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के नजरिए से यह मैच काफी महत्वपूर्ण था। पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान ने 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 115 रन बनाए थे। इसके बाद बांग्लादेश को मात्र 105 रनों पर आउट कर बड़ा उलटफेर करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई।

## चिंतन

# भाजपा और संघ पर हिंसा फैलाने के आरोप निराधार

हिंदू और हिंदुत्व को लेकर विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सदन में सत्ताधारी भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर जो भी आरोप लगाए, वह असंसदीय है, विद्वेषपूर्ण है और अमर्यादित है। राहुल बेशक कह रहे हों कि 'हिंदू हिंसक नहीं हो सकता, लेकिन भाजपा व आरएसएस के लोग देश में हिंसा फैलाते हैं, नफरत फैलाते हैं', तो ये निराधार आरोप हैं। संघ 1925 से देश में है, कभी भी संघ के चलते कहीं हिंसा नहीं फैली, उल्टे हिंसा फैलने पर, पीड़ितों के कल्याण के लिए काम किया। संघ देश में हिंदुओं को जोड़ने का काम कर रहा है, सनातन संस्कृति का संवर्धन कर रहा है, भारत की सांस्कृतिक विरासत की रक्षा कर रहा है, अखंड भारत का सपना देख रहा है, भारतीयता को सिंचित कर रहा है। कांग्रेस करीब पांच दशक तक सत्ता में रही, कभी भी कांग्रेस सरकार ने संघ के लिए हिंसा फैलाने जैसा आरोप नहीं लगाया और न ही इसको लेकर कभी कोई कार्रवाई की। यही बात जनसंघ और भाजपा को लेकर भी है। भाजपा देश में राष्ट्रीय एकता व अखंडता, संवैधानिक धर्मनिरपेक्षता, समावेशी मानवता का हिंदुत्व विचारधारा, सबको साथ लेकर चलने वाली दृष्टि के साथ काम कर रही है। करीब 16 वर्ष से अधिक समय तक भाजपा नीत सरकार देश में रही है, कभी भी भाजपा शासन पर हिंसा करने, कराने के आरोप नहीं लगे, इसके बावजूद राहुल गांधी भाजपा व संघ पर हिंसा फैलाने का आरोप मढ़े, तो यह तथ्यों को नकारना है। राहुल गांधी संघ, भाजपा व मोदी पर नफरत फैलाने का आरोप लगाते हैं, पर असल में उनके संबोधन, भाषण व वक्तव्य मोदी, भाजपा व संघ के प्रति नफरत का भाव से भरे रहते हैं। वे हार की हताशा व राजनीतिक आवेश में पता नहीं कितनी बार संघ व मोदी के प्रति नफरत के भाव को व्यक्त कर चुके हैं। राहुल गांधी अगर राजनीति भी कर रहे हों, तो यह अच्छी राजनीति भी नहीं है। विपक्ष के नेता के तौर पर राहुल को राष्ट्रपति के अभिभाषण की आलोचना करने का पूरा अधिकार है, लेकिन अभिभाषण में कही गई बातों के दायरे में ही है, विषयान्तर होकर मोदी, भाजपा व संघ पर बरसना भड़ास निकालने जैसा है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने अपने धन्यवाद संबोधन में कांग्रेस के कामकाज, कांग्रेस का अतीत, राहुल गांधी के राजनीतिक आरोप का बखूबी जवाब दिया है, लेकिन भाजपा नीत राजग सरकार को अनुत्पाद मसलों में उलझने के बजाय अपने कामकाज पर फोकस करना चाहिए। राहुल गांधी को बताना चाहिए कि राजस्थान में टेलर कन्हैया लाल का सरेदिन सिर किसने कलम किया, कश्मीर में दहशतगर्द कौन हैं, जिसका सामना कांग्रेस सरकार को भी करनी पड़ी, आतंकी संगठन हमास के पक्ष में देश में जुलूस कौन निकाल रहा है, मुंबई में ताज पर हमले करने वाले कौन लोग थे, देश में अनगिनत आतंकी हमले में लिप्त कौन लोग थे, ग्यारहवीं शताब्दी में भारत में लुटेरे कौन आए थे, उन विदेशी लुटेरों ने हिंसा किसके साथ की? भारत में मंदिर, बौद्ध स्तूप किसने तोड़े, मुस्लिम शासकों ने अत्याचार किसके खिलाफ किया? ऐसे हजारों अनगिनत प्रश्न हैं, जिनमें हिंदू ही पीड़ित हैं। राहुल गांधी के नैरेटिव तुष्टिकरण बढ़ाने वाले हैं। भाजपा-संघ से राहुल के वैचारिक, राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन हिंसा व नफरत फैलाने के आरोप विपक्ष के नेता पद की गरिमा के विरुद्ध है। हाल के दशकों में नेताओं की भाषा का स्तर गिरा है, दलों के बीच वैचारिक मतभेद के बजाय मनभेद बढ़े हैं, सत्ताधारी व विपक्षी दलों के नेताओं के बीच आपसी सम्मान कम हुआ है, यह स्थिति बदलनी चाहिए।

# राहुल की नई भूमिका चुनौतीपूर्ण



**विश्लेषण**
राज कुमार सिंह

> राहुल गांधी ने नेता प्रतिपक्ष बनकर एक बेहद चुनौतीपूर्ण भूमिका स्वीकार की है। राहुल गांधी वैसी सकारात्मक और रचनात्मक राजनीति की पहल करेंगे या नहीं, यह तो समय ही बताएगा, लेकिन अब उन्हें संसद में अपनी ज्यादा उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी। हर महत्वपूर्ण मुद्दे पर अपनी तार्किक राय भी रखनी होगी। राष्ट्रीय महत्व के संवेदनशील विषयों पर सरकार के साथ भी खड़ा होना होगा। निश्चय ही अभी तक की छवि और अनुभव के मद्देनजर राहुल गांधी के लिए यह नई संसदीय भूमिका बेहद चुनौती पूर्ण साबित होने वाली है। उन्हें कांग्रेस को मजबूत बनाने और अन्य विपक्षी दलों से बेहतर तालमेल की चुनौती से भी रूबरू होना होगा।

नेता प्रतिपक्ष बनकर राहुल गांधी ने अपने राजनीतिक सफर के एक नये चरण की ओर कदम बढ़ा दिए हैं, जो शायद उनके और कांग्रेस के लिए निर्णायक साबित होगा। नेहरू परिवार का राजनीतिक वारिस बनकर लोकसभा सांसद और फिर कांग्रेस अध्यक्ष बनना उनके राजनीतिक सफर का पहला चरण था। भारत जोड़ो यात्राओं के जरिये देशभर में संपर्क और संवाद से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा फूंक कर पार्टी समेत विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के 2024 के लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन में योगदान दूसरा चरण रहा। तमाम कोशिशों के बावजूद फिर से कांग्रेस अध्यक्ष बनने के लिए राजी न होने वाले राहुल गांधी ने नेता प्रतिपक्ष बनकर एक बेहद चुनौतीपूर्ण भूमिका अपने लिए स्वीकार कर ली है। इन चुनावों में कांग्रेस 52 से बढ़ कर 99 लोकसभा सीटों तक पहुंच गई तो 'इंडिया' गठबंधन 234 तक। पिछले दो लोकसभा चुनावों के मुकाबले इस बार विपक्ष का चुनावी प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा, इसलिए पिछली दो लोकसभाओं में अकेले दम बहुमत हासिल कर लेने वाली भाजपा इस बार बहुमत के आंकड़े से भी 32 सीटें कम रह गई और नरेंद्र मोदी सरकार के अनेक मंत्री भी चुनाव हार गए। बेशक भाजपा की अगुवाई वाले राजग को बहुमत मिल गया और मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन गए। नई सरकार राजग की है, लेकिन केंद्रीय मंत्रिमंडल गठन से लेकर लोकसभा स्पीकर चुनाव तक हर कदम से मोदी ने संदेश यही दिया है कि वह अब भी पहले जितने ही मजबूत हैं। डिप्टी स्पीकर पद के लिए भी वह विपक्ष के दबाव में आते नहीं दिखते।

शायद यह नरेंद्र मोदी की राजनीतिक शैली भी है कि वह कमजोर दिखते हुए कोई काम नहीं करते, लेकिन उससे यह हकीकत नहीं बदल जाती कि इस बार मजबूत विपक्ष को नजरअंदाज कर पाना आसान नहीं होगा। नव निर्वाचित लोकसभा के पहले सत्र के दौरान यह एहसास कराने का कोई मौका विपक्ष चूक भी नहीं रहा। दोनों के बीच जैसे रिश्ते रहे हैं, राहुल गांधी का नेता प्रतिपक्ष बनना भी मोदी के लिए सुखद नहीं कहा जा सकता। एक टीवी इंटरव्यू में 'कौन राहुल' कह कर कटाक्ष करने वाले मोदी को उन्हीं राहुल से हाथ मिलाना पड़ा, जब नव निर्वाचित स्पीकर ओम बिड़ला को उनके आसन तक ले जा रहे थे। अब तो ऐसे मौके बार-बार आएंगे, जब प्रधानमंत्री को नेता प्रतिपक्ष से मिलना पड़ेगा और उनकी बात भी सुननी पड़ेगी। संसदीय लोकतंत्र का यही तकाजा है और उसकी ताकत भी। 2004 में पहली बार लोकसभा सांसद बने राहुल बीस साल बाद 2024 में पहली बार कोई संवैधानिक पद स्वीकारने को तैयार हुए। 2004 से 2014 के बीच उन्हें मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार में मंत्री बनाने की कोशिश की गई, पर वह नहीं माने। नेता प्रतिपक्ष बनना राहुल गांधी की विपक्ष में बढ़ती स्वीकार्यता का प्रमाण भी है। खुद कांग्रेस में जी-23 जैसे गुट जिनके नेतृत्व पर सवाल उठाते थे, उन्हें 'इंडिया' गठबंधन के सभी घटक दलों ने नेता प्रतिपक्ष के लिए चुना, पर नेता प्रतिपक्ष बन जाने से राहुल गांधी के एक नये, मगर बेहद चुनौतीपूर्ण



राजनीतिक सफर की शुरुआत होगी, जिसे उनकी 'अग्नि परीक्षा' भी कह सकते हैं। उन्होंने जिस तरीके से 18वीं लोकसभा के पहले व छोटे सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान पीएम मोदी, भाजपा व संघ पर हिसा व नफरत फैलाने का आरोप लगाया है, वह उनके पद के अनुरूप नहीं है।

लोग मानते हैं कि भारत जोड़ो यात्राओं से राहुल गांधी की समझ और छवि, दोनों सुधरी हैं, लेकिन नेता प्रतिपक्ष के रूप में उन्हें बेहद जिम्मेदार और जवाबदेह राजनेता की कसौटी पर खरा उतरना होगा। अपनी यात्राओं से लेकर 18वीं लोकसभा में शपथ ग्रहण के समय भी जींस और टी शर्ट में नजर आने वाले राहुल नेता प्रतिपक्ष बनते ही कुर्ता-पायजामा में दिखे, लेकिन सिर्फ परिधान बदलने से बात नहीं बनेगी। बेशक नेता प्रतिपक्ष के रूप में उनसे सरकार की गलतियों की आलोचना अपेक्षित है, लेकिन भाषा-शैली में शालीनता की दरकार होगी, जिसकी राहुल को बहुत जरूरत है और जो हाल के सालों में हमारी राजनीति से तेजी से नदारद होती गई है। राजनीतिक मतभेदों के बावजूद परस्पर सम्मान और मर्यादा पालन दोनों ही पक्षों से अपेक्षित रहेगा। संसद व बाहर भाषा की गरिमा बनी रहे।

राहुल की बात करें तो अब उनकी टिप्पणी को विपक्षी दल के सांसद नहीं, बल्कि नेता प्रतिपक्ष की राय माना जाएगा, जिसका संसदीय प्रोटोकॉल में महत्वपूर्ण स्थान है। ब्रिटेन समेत कुछ देशों में नेता प्रतिपक्ष को 'शेडो पीएम' की तरह देखा जाता है और उससे अपेक्षा की जाती है कि वह अपनी 'शेडो केबिनेट' भी बनाए, जो तमाम विभागों के कामकाज पर नजर रखते हुए अपनी वैकल्पिक सोच जनता के समक्ष पेश करे।

राहुल गांधी वैसी सकारात्मक और रचनात्मक राजनीति की पहल करेंगे या नहीं, यह तो समय ही बताएगा, लेकिन अब उन्हें संसद में अपनी ज्यादा उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी। हर महत्वपूर्ण मुद्दे पर अपनी तार्किक राय भी रखनी होगी। राष्ट्रीय महत्व के संवेदनशील विषयों पर सरकार के साथ भी खड़ा होना होगा। निश्चय ही अभी तक की छवि और अनुभव के मद्देनजर राहुल गांधी के लिए यह नई संसदीय भूमिका बेहद चुनौती पूर्ण साबित होने वाली है। राहुल गांधी इन चुनौतियों से कैसे निपटते हैं, इस पर ही उनकी राजनीतिक सफलता निर्भर करेगी।

इसके साथ ही उन्हें कांग्रेस को मजबूत बनाने और अन्य विपक्षी दलों से बेहतर तालमेल की चुनौती से भी रूबरू होना होगा। स्पीकर चुनाव के लिए कांग्रेस के दलित सांसद के. सुरेश को 'इंडिया' का उम्मीदवार घोषित करते समय तृणमूल कांग्रेस से सलाह न करने जैसी घटनाएं आपसी तालमेल पर सवाल उठाती हैं। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन के बाद उत्तर प्रदेश में भाजपा को बड़ा झटका देते हुए विपक्ष उसे बहुमत से वंचित रखने में सफल रहा। राजस्थान में भी विपक्ष, भाजपा से 25 में से 11 लोकसभा सीटें छीनने में सफल रहा। पंजाब और हरियाणा में भी विपक्ष का प्रदर्शन संतोषजनक रहा, लेकिन शेष हिंदी बेल्ट में भाजपा के मुकाबले वह कहीं नहीं ठहरता। सबसे ज्यादा लोकसभा सांसद चुनने वाली हिंदी बेल्ट में कांग्रेस और सहयोगी दलों के मजबूत हुए बिना केंद्रीय सत्ता से भाजपा की विदाई की बात सोचना भी दिन में सपने देखने जैसा है।

सबसे मुश्किल यह है कि उत्तर भारत में मजबूती की कवायद में कांग्रेस और मित्र दलों में आपस में दलगत हितों के टकराव की भी आशंका है। लोकसभा चुनावों के बाद कांग्रेस और आम आदमी पार्टी में बढ़ती दूरियां भी इसी बात का संकेत हैं। इतने सारे मोर्चों पर सक्रिय रहते हुए राहुल गांधी को 'इंडिया' गठबंधन के विस्तार की संभावनाएं भी टटोलनी होंगी, क्योंकि इस अग्निपरीक्षा में उनका पास होने पर ही आगामी चुनावों में विपक्ष का चुनावी प्रदर्शन निर्भर करेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## नए कानून
प्रमोद भार्गव



# दंड नहीं, न्याय का विधान

वर्ष 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से आहत होकर अंग्रेजों ने स्वतंत्रता सेनानियों और उनके मददगारों को दंड देने की दृष्टि से अनेक औपनिवेशिक कानून लागू किए थे। इनमें प्रमुख रूप से अंग्रेजी राज का पर्याय बने तीन मूलभूत कानूनों में आमूलचूल परिवर्तन किए गए हैं। 1860 में बने इंडियन पेनल कोड को अब भारतीय न्याय संहिता, 1898 में बने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और 1872 में बने इंडियन एविडेंस कोड को अब भारतीय साक्ष्य संहिता के नाम से जाना जाएगा। इन कानूनों के शीर्षक में ही 'दंड' की प्रधानता है। दंड के मनोविज्ञान से ही निर्दोश भयभीत हो जाया करते हैं। इस भय से मुक्ति का प्रावधान करने की दृष्टि से 'न्याय' शब्द का प्रयोग कानून किया गया है। इन कानूनों के लागू होने के साथ दुनिया में सबसे अधिक आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली भारत की होगी। भारत में न्याय की अवधारणा बहुत पुरानी है और ये कानून उसी अवधारणा पर आधारित हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच प्रण किए थे, इनमें एक प्रण गुलामी की निशानियों को खत्म करना भी था। कानून संबंधी पारित विधेयक उसी परिप्रेक्ष्य में हैं। इन नए कानूनों के अंतर्गत दंड अपराध रोकने की भावना पैदा करने के लिए दिया जाएगा। ये नए कानून महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर केंद्रित हैं। अब नए कानून में नाबालिग से दुष्कर्म और मॉब लिंचिंग के लिए फांसी की सजा दी जाएगी। राजद्रोह कानून ब्रिटिश सत्ता को कायम रखने के लिए था, इसे अब खत्म किया जा रहा है। 1860 में बने इंडियन पेनल कोड को अब भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) कहा जाएगा। 164 साल पुरानी आईपीसी में 511 धाराएं थीं, जो बीएनएस-2023 में 358 रह जाएंगी। इसमें 21 नए अपराध जुड़े हैं और 41 धाराओं में सजा बढ़ाई गई है। पहली बार छह अपराधों में सामुदायिक सेवा की सजा जोड़ी गई है। 1898 में बने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) कहा जाएगा। इसमें 47 नई धाराओं के साथ अब कुल 531 धाराएं होंगी। पहले धारा 154 में होने वाली प्राथमिकी नए कानून के तहत धारा-173 में दर्ज की जाएगी। अब पुराने कानून दंड प्रक्रिया संहिता में से 'दंड को हटाकर नागरिक सुरक्षा पर जोर दिया गया है, 1872 में बने इंडियन एविडेंस कोड को अब भारतीय साक्ष्य संहिता के नाम से जाना जाएगा। पुराने कानून में 167 धाराएं थीं, जो अब 170 रह गई हैं। इस कानून को तकनीक और फॉरेंसिक आधार पर तैयार किया गया है। ताकि सजा का प्रतिशत 90 तक पहुंच जाए। बढ़ते साइबर अपराधों के संदर्भ में इस कानून की अहम भूमिका जताई जा रही है। नए प्रारूप में धारा 150 के तहत आरोपी को सात साल की सजा से लेकर उम्रकैद तक की सजा दी जा सकती है। मॉब लीचिंग यानी उन्मादी भीड़ द्वारा हत्या और हिंसा के लिए अलग से सजा का प्रावधान किया गया है। इसे पंथ निरपेक्ष रखा गया है। नाबालिग से दुष्कर्म या पहचान छिपाकर किए गए दुष्कर्म के आरोप में 20 साल का कारावास या मृत्युदंड का प्रावधान किया गया है। सबसे बड़ा परिवर्तन 1860 में अस्तित्व में आए औपनिवेशिक कानून 'राजद्रोह' में किया गया है। राजद्रोह कानून से 'राजद्रोह' शब्द विलोपित करके 'देशद्रोह' किया है। क्योंकि अब देश स्वतंत्र हो चुका है। अतएव लोकतांत्रिक देश में सरकार की आलोचना कोई भी कर सकता है। यह नागरिक का अधिकार है। इसके औचित्य पर सवाल उठते रहे थे। धारा 124-ए के अंतर्गत लिखित या मौखिक शब्दों, चिह्नों प्रत्यक्ष या अप्रत्क्ष तौर से नफरत फैलाने या असंतोष जाहिर करने पर देशद्रोह का मामला दर्ज किया जा सकता है। इस धारा के तहत दोषी पर आरोप साबित होने पर तीन साल जेल तक की सजा हो सकती है। नए कानून में पहली बार आतंकवाद की इबारत को पारिभाषित किया गया है। यदि कोई व्यक्ति देश की एकता, अखंडता, संप्रभुता और सुरक्षा को संकट में डालने के इरादे से कोई कृत्य करता है तो उसे नए कानून के हिसाब से सजा मिलेगी। देश के अस्तित्व को चुनौती देने वाले बाहरी या भीतरी असामाजिक तत्व कानूनी शिकंजे से बचने न पाएं, इसके प्रावधान किए गए हैं। यही कानूनी प्रावधान वृहत्तर सामाजिक हित राज्य को भारत की संप्रभुता, अखंडता तथा राज्य की सुरक्षा से जोड़ते हैं। भारत के विरुद्ध सांप्रदायिक कट्टरता फैलाने और सरकार के लिए नफरत के हालात बनाने में भारत विरोधी विदेशी ताकतें सोशल मीडिया का मनचाहा एवं गलत दुरुपयोग करती हैं, इसलिए नए कानून में देश तोड़ने की कोशिश करने वाली ताकतों पर अंकुश के लिए कठोर कानूनी प्रावधान नए कानून में हैं। अतएव स्वतंत्रता के 76 साल बाद भारतीयों को ऐसी प्रणाली मिल गई है, जो दंड की बजाय अधिकतम न्याय पर आधारित है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## क्रोध शांत करने के लिए प्रभु का स्मरण करें



संकलित
**दर्शन**

जब अहंकार नहीं, लोभ नहीं, नफरत नहीं तो क्रोध भी नहीं होगा शांति होगी। समाज में ऐसी परिस्थितियां, ऐसे कारण हैं कि क्रोध आए बिना नहीं रहता। इसके लिए परिस्थितियां बदलनी होंगी, परंतु ऐसा नहीं हो सकता। इस दुनिया के हालात नहीं बदले जा सकते। कोई सोचता है मैं दुनिया के हालात बदल दूंगा तो मूर्खतापूर्ण विचार है। दूसरा उपाय है हम अपने आपको बदल दें। जिन कारणों से क्रोध उत्पन्न होता है उन्हें रोकें। ऐसी स्थिति क्यों पैदा हो कि हमें क्रोध करना पड़े। क्रोध क्यों आता है? एक किसी की गलती पर या अपनी हानि होने पर या आशानुसार काम न बनने पर या किसी मनुष्य को देखते ही क्रोध आ जाता है, जिसको हम पसंद नहीं करते। कुछ उपाय हैं। ये ठान लें आप धीरे ही बात करेंगे, प्रेम से, थोड़े शब्दों में ही बात करेंगे और सोच समझ कर बोलेंगे। मीठी भाषा का प्रयोग करेंगे। क्रोध की स्थिति पैदा हो तो मन में निरंकार का सुमरिन करेंगे और निरंकार से अरदास करेंगे। हे निरंकार, इस चांडाल क्रोध को मन में न आने दें, आप हमें बचाओ। यहां सुखद वातावरण बने, प्रभु कृपा करो। आप देखेंगे वातावरण शांत हो जाएगा। आपकी बात भी सबको समझ आ जाएगी। सद्गुरु कहते हैं न मैं किसी की वेशभूषा बदलना चाहता हूं न खान-पान। मैं मनुष्य की वृत्ति बदलकर उसे सत्य के साथ जोड़कर एकत्व की भावना लाना चाहता हूं। अहंकार को दूर कर निरंकार प्रभु की भक्ति और प्रेमपूर्ण वातावरण बनाना चाहता हूं।


## आध्यात्मिक लोग जीते हैं मूल्य आधारित जीवन



संकलित
**प्रेरणा**

आध्यात्मिक लोग मूल्यों पर आधारित जीवन जीते हैं जो कि सुशासन के लिए अति आवश्यक है। आध्यात्मिकता लोगों को ईमानदार व प्रतिबद्ध बनाती है जो अपराध रहित समाज के लिए आवश्यक है, परंतु आधिकारिक संरक्षण के बिना आध्यात्मिकता का विकसित होना बहुत मुश्किल है। यदि हम अपने प्राचीन इतिहास को देखें, तो हम पाएंगे कि आध्यात्मिकता भारतीय राजनीति में गहरी जड़ों तक स्थित है। आध्यात्मिकता और राजनीति दोनों का ही मानवता व मानव के साथ गहरा संबंध है। राजनीति का उद्देश्य सुशासन लाना और भौतिक व भावानात्मक सुविधाओं को जनता तक पहुंचाना है। वहीं आध्यात्मिकता का लक्ष्य नैतिकता व मानवीय मूल्यों को बढ़ाना है। किसी भी देश की समृद्धि व विकास के लिए राजनीति व आध्यात्मिकता का एक साथ चलना अति आवश्यक है। अच्छे प्रजातंत्र के लिए आध्यात्मिकता का होना अनिवार्य है। केवल आध्यात्मिकता ही प्रतिबद्धता, दायित्व व आत्मविश्वास का आह्वान कर उन्हें मानव में स्थापित कर सकती है। बिना आध्यात्मिकता के राजनीति में अनैतिकता का वातावरण बनता है और इस कारण भ्रष्टाचार, अपराध व अराजकता को बढ़ावा मिलता है। भारतीय आध्यात्मिकता ने पूरे संसार को धर्मनिरपेक्षता से अवगत करवाया है। जीवन में मूल्यों के महत्व को समझने के लिए, सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमें यह पहचानना होगा कि मूल्यों का क्या अर्थ है?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### रील्स न बने परेशानी का कारण

दुनिया में डिजिटल दौर चल रहा है। अब लोग सोशल मीडिया का प्रयोग भी खूब कर रहे हैं। सोशल मीडिया मनोरंजन के साथ-साथ जानकारियों का भी बहुत बढ़िया जरिया है, लेकिन कुछ लोग इसे अपनी मशहूरी पाने के लिए भी प्रयोग करते हैं और इस पर अपनी तरह-तरह और विचित्र तरह की सेल्फी और पोस्ट डालते हैं। आजकल रील्स का ट्रेंड चल रहा है और इसमें लगभग हर उम्र के लोग शामिल हैं। लोग अपने दोस्तों और दूसरे लोगों को दिखाने के लिए रील्स बनाकर सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर शेयर कर रहे हैं। कुछ तो जान को जोखिम में डाल कर और कुछ अपनी इज्जत को भी दांव पर लगाकर रील्स बना रहे हैं। महिलाएं और लड़कियां भी इस मामले में पीछे नहीं है। रील्स जान पर भारी न पड़े, इसके लिए सरकार, प्रशासन और समाज को एकजुट होकर प्रयास करने चाहिए।

*-विनय कुमार, रायपुर*

## ट्रेंड

### विनिर्माण क्षेत्र फल-फूल रहा



अधिक नौकरियां, अधिक अवसर और एक मजबूत अर्थव्यवस्था! विनिर्माण पीएमआई के 58.3 तक बढ़ने के साथ, हमारा विनिर्माण क्षेत्र फल-फूल रहा है और रोजगार के नए अवसर पैदा कर रहा है। मोदी सरकार राष्ट्र की निरंतर वृद्धि और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।
**-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री**

### हम आज गौरवान्वित हैं




हम आज बेहद गौरवान्वित हैं। हमारा एक बेटा शिवनाथ 'रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट' बन गया! 2008 में हमने 9 साल के शिवनाथ खेतिहर मजदूरी से मुक्त कराया था। तबसे उस ने बाल आश्रम में रहकर पढ़ाई की।
**-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता**

### ऐसे विपक्ष के नेता राहुल



राहुल गांधी एक ऐसे विपक्ष के नेता हैं जिसमें लालू जैसे सजायाफ्ता, डीएमके जैसे सनातन धर्म को खत्म करने का प्रयास करने वाले लोग और सऊदी अरब में भी प्रतिबंधित इस्लामिक ब्रदरहुड सहयोगी शामिल हैं। फिर भी दिखावा करता है कि वह शिव को समझता है।
**-डॉ डेविड फ्रॉली, अमेरिकी हिंदू लेखक**

### अपने आपमें सच रहना



जब लोग कहते हैं कि आप बदल गए हैं, तो ऐसा इसलिए होता है क्योंकि आपने वैसा व्यवहार करना बंद कर दिया जैसा वे चाहते थे। अपने आपमें सच रहना। आप इंसान हो या शेयर बाजार, जाना तो ऊपर ही है।
**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

## करंट अफेयर


### चीन ने ताइवान को लेकर विनाश तक धमकाया अमेरिका को



चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने आयोजित नियमित संवाददाता सम्मेलन में चीनी और अमेरिकी वरिष्ठ अधिकारियों के बीच फोन कॉल के बारे में सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि चीन ने अमेरिका से राष्ट्रपति बाइडेन द्वारा किए गए वचनों को निभाने, चीन की संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों का व्यवहारिक रूप से सम्मान करने और चीन-अमेरिका संबंधों के स्थिर विकास में सकारात्मक भूमिका निभाने की मांग की। रिपोर्ट के अनुसार चीनी उप विदेश मंत्री मा चाओश्यू ने 27 तारीख को अमेरिकी उप विदेश मंत्री कर्ट कैम्पबेल के साथ फोन पर बातचीत की और उन्होंने चीन-अमेरिका संबंधों और आम चिंता वाले मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। चीनी प्रवक्ता ने चीन के रुख का परिचय दिया और जोर देते हुए कहा कि ताइवान मुद्दा चीन के मूल हितों का और चीन-अमेरिका संबंधों में पहली दुर्गम लाल रेखा है। ताइवान स्वतंत्रता के समर्थन में शामिल होने से अंततः विनाश होगा. अमेरिका को तीन चीन-अमेरिका संयुक्त विज्ञप्तियों का पालन करना चाहिए, ताइवान को हथियार देना बंद करना चाहिए और "ताइवान स्वतंत्रता" का समर्थन न करने की अपनी प्रतिबद्धता को लागू करना चाहिए। तिब्बत से संबंधित मुद्दे चीन की प्रभुसत्ता व प्रादेशिक अखंडता से संबंधित हैं।

## ऑफ बीट

### दूधेश्वर महादेव मंदिर में स्थापित है नीलम का शिवलिंग




बिहार के औरंगाबाद जिले में देवकुंड का प्रसिद्ध दूधेश्वर महादेव मंदिर न सिर्फ औरंगाबाद, बल्कि बिहार के प्रमुख तीर्थ स्थानों में गिना जाता है। यहां नीलम पत्थर से निर्मित भगवान शिव का शिवलिंग स्थापित है। जो पांच हजार वर्ष से भी अधिक पुराना है। पुराणों के अनुसार कभी यहां घना जंगल हुआ करता था और यहां च्यवन ऋषि का आश्रम व सरोवर था। पुराणों में कहा गया है कि त्रेता युग में भगवान यहां आए थे और उन्होंने इस सरोवर में स्नान कर च्यवन ऋषि का आशीर्वाद लिया था। मान्यता है कि यह शिवलिंग यहां त्रेता युग से स्थापित है। कहते हैं च्यवन ऋषि के कहने पर भगवान राम ने शिवलिंग की स्थापना करके पूजा अर्चना की थी। यह शिवलिंग नीलम पत्थर से निर्मित है, जो दुर्लभ है। यह देश का इकलौता शिव मंदिर है, जहां नीलम शिवलिंग स्थापित है। देवकुंड मंदिर को लेकर कहा जाता है कि यह मंदिर एक ही रात में बनकर तैयार हुआ है, जिसे स्वयं देवताओं के वास्तुकार और देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा ने तैयार किया था। इसकी एक और विशेषता यह है कि यह विशाल मंदिर एक ही पत्थर को तराश कर बनाया गया है। केवल यही नहीं, बल्कि औरंगाबाद जिले में ही स्थित देव नामक जगह पर स्थित सूर्य मंदिर का निर्माण भी एक ही रात में हुआ था।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com





# हाथरस में हाहाकार









## हाथरस से 47 किलोमीटर दूर फुलरई गांव में भगदड़ ने ली 122 की जान

### भक्तों का सैलाब उमड़ने के कारण हुई अव्यवस्था, प्रशासन पर सवाल

**हाथरस (एजेंसी)।** यूपी के हाथरस जनपद में सिकंदराराऊ थाना अंतर्गत फुलरई मुगलगढ़ी के एक खेत में साकार हरि बाबा का एक दिवसीय सत्संग चल रहा था। वहां पर बच्चों के साथ महिलाएं और पुरुष बाबा का प्रवचन सुन रहे थे। लगभग पौने दो बजे सत्संग खत्म हुआ, बाबा के अनुयायी बाहर सड़क की ओर जाने लगे। बताया जा रहा है कि लगभग 20 हजार की संख्या में अनुयायियों को सेवादारों ने जहां थे, वहीं रोक लिया। सेवादारों ने साकार हरि बाबा के काफिले को वहां से निकाला। उतनी देर तक वहां अनुयायी गर्मी और उमस में खड़े रहे। बाबा के काफिले के जाने के बाद जैसे ही सेवादारों ने अनुयायियों को जाने के लिए कहा, वहां भगदड़ की स्थिति बन गई।

## भयावह मंजर- हर तरफ लाशें ही लाशें, मची चीख पुकार

### लाश उठाने तक के लिए लोग नहीं, अफसर खड़े देखते रहे

हादसे में हाथरस प्रशासन की भयंकर चूक सामने आई है। कार्यक्रम की अनुमति देने से लेकर हादसे के बाद तक प्रशासन लाचार नजर आया। सुबह लाखों की भीड़ कार्यक्रम स्थल पहुंच चुकी थी, लेकिन सत्संग स्थल पर कोई भी बड़ा अफसर मौजूद नहीं था। सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं थे। कुछ पुलिसवाले थे, वह भी इधर-उधर टहल रहे थे। परिजन ही रोते-बिलखते शवों को उठा रहे थे। अफसर खड़े देखते रहे। न कार्यक्रम स्थल में और न ही अस्पताल में कोई इंतजाम था।

### राजस्थान-मप्र-हरियाणा से भी आए थे भक्त



सत्संग में बड़ी संख्या में राजस्थान-मप्र और हरियाणा से भक्त पहुंचे। सत्संग में शामिल होने गए थे और भगदड़ का शिकार हुए हैं उन्होंने बताया कि मौके पर कैसे मंजर था। एक युवती ने बताया कि सत्संग में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी। सत्संग समाप्त हुआ उसके बाद लोग वहां से जाने लगे। इसी दौरान निकलने की जल्दी में भगदड़ मच गई। लोग एक दूसरे को देख ही नहीं रहे थे। महिलाएं और बच्चे गिरते चले गए। भीड़ उनके ऊपर से दौड़ रही थी। कोई बचाने वाला नहीं था। चारों ओर चीख पुकार मची हुई थी।

### भगदड़ की मुख्य वजहें

**1** सत्संग खत्म होने के बाद अचानक से भीड़ बाहर निकलने लगी। भीड़ ज्यादा थी ऐसे में धक्का-मुक्की हुई। इससे भगदड़ मच गई। भक्तों में ज्यादातर महिलाएं थीं। वह एक के ऊपर एक गिरती चली गईं। हजारों की भीड़ उनके ऊपर से निकल गई। डॉक्टरों का कहना, है कि दम घुटने से ज्यादातर मौत हुई हैं।

**2** सत्संग खत्म होने के बाद भोले बाबा का काफिला निकला। सुरक्षा गार्डों ने भीड़ को रोक दिया। काफिला निकलने के बाद भीड़ को अचानक से छोड़ दिया। धक्का-मुक्की में एक के ऊपर एक गिरते चले गए। इसमें ज्यादातर महिलाएं थीं।

### सूट-बूट में रहते हैं बाबा



बाबा के बारे में कुछ लोग कहते हैं कि ये यूपी पुलिस में दरोगा हुआ करते थे। कुछ इन्हें आईबी से जुड़ा भी बताते हैं। इसीलिए बताया जाता है कि बाबा पुलिस के तौर-तरीकों से परिचित हैं। वर्दी धारी स्वयंसेकों की लंबी-चौड़ी फौज खड़ी करने में यह काफी मददगार साबित हुआ। बाबा आम साधु-संतों की तरह गेरुआ वस्त्र नहीं पहनते हैं। बहुधा वह महंगे गॉगल, सफेद पैंटशर्ट पहनते हैं। अपने प्रवचनों में बाबा पाखंड का विरोध भी करते हैं। चूंकि बाबा के शिष्यों में बड़ी संख्या में समाज के हाशिए वाले, गरीब, दलित, दबे-कुचले लोग शामिल हैं। उन्हें बाबा का पहनावा और यह रूप बड़ा लुभाता है।

### मीडिया से भी दूरी

बाबा के सत्संगों में बड़ी संख्या में लोग जुटते हैं। बाबा के शिष्य अपनी ही मस्ती में रहते हैं। यही वजह है कि मीडिया से भी ये लोग दूरी बरतते हैं। दरअसल, बाबा के सत्संग के तौर-तरीके चूंकि आम संतों से अलग होते हैं लिहाजा ये लोग नहीं चाहते कि इस पर किसी प्रकार की टीका-टिप्पणी हो।

### यहां बाबा का आश्रम

भोले बाबा का आश्रम कासगंज जिले के पटियाली तहसील क्षेत्र के बहादुरनगर गांव में मौजूद है। यह उनका पैतृक गांव भी है। भोलेबाबा का बहादुर नगर में बड़ा आश्रम बना है। इस आश्रम में पहले सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को सत्संग होता था, लेकिन कुछ वर्ष पहले से यह परंपरा टूटी है।

### साकार हरि के पास है अपनी फौज, खुद रह चुका दारोगा

बाबा की अपनी फौज संभालती है ट्रैफिक का मोर्चा साकार हरि की अपनी फौज है। हल्के गुलाबी रंग के पैंट-शर्ट, पुलिस बेल्ट, हाथ में लाठी और सीटी लेकर हजारों की संख्या में इनके स्वयंसेवक कार्यक्रम स्थल और सड़कों पर चप्पे-चप्पे पर तैनात रहते हैं। एक नजर में देखने पर यह होमगार्ड जैसा कोई अनुशासित बल दिखाई देता है। बड़ी संख्या में महिला स्वयंसेवक भी तैनात रहती हैं। इनकी भी वर्दी होती है। बाबा की यह लंबी-चौड़ी फौज ट्रैफिक व्यवस्था से लेकर, पानी और दूसरे इंतजाम देखती है। कार्यक्रम स्थलों पर बाबा की फौज का यह गणवेश आप कई काउंटरों से बिकते देख सकते हैं। कहा जाता है इसे खरीदने की अनुमति उन्हीं लोगों की होती है जिसे बाबा चाहते हैं। कई बार यह स्वयंसेवक आम आदमी को कार्यक्रम स्थल के पास से गुजरने से रोक भी देते हैं।

### धार्मिक आयोजनों में भगदड़ की प्रमुख घटनाएं

**31 मार्च 2023 :** इंदौर शहर के एक मंदिर में रामनवमी के अवसर पर आयोजित हवन कार्यक्रम के में प्राचीन बावड़ी के ऊपर बनी स्लैब ढह जाने से 36 लोगों की मौत हो गई।

**एक जनवरी 2022 :** जम्मू-कश्मीर स्थित प्रसिद्ध माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई।

**14 जुलाई 2015 :** आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी जिले में 'पुष्करम' उत्सव के पहले दिन गोदावरी नदी के तट पर एक प्रमुख स्नान स्थल पर भगदड़ से 27 तीर्थयात्रियों की मृत्यु हो गई।

**तीन अक्टूबर 2014 :** दशहरा समारोह समाप्त होने के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में भगदड़ मचने से 32 लोगों की मौत हो गई।

**13 अक्टूबर 2013 :** मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि उत्सव के दौरान मची भगदड़ में 115 लोगों की मौत हो गई और 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए।

**19 नवंबर 2012 :** पटना में गंगा नदी के तट पर अदालत घाट पर छठ पूजा के दौरान एक अस्थायी पुल के ढह जाने से मची भगदड़ में लगभग 20 लोगों की मौत हो गई।

**आठ नवंबर 2011 :** हरिद्वार में गंगा नदी के तट पर हरकी पैड़ी घाट पर मची भगदड़ में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई।

**14 जनवरी 2011 :** केरल के इडुक्की जिले के पुलमेडु में एक जीप के सबरीमाला मंदिर के दर्शन कर लौट रहे तीर्थयात्रियों से टकरा जाने के कारण मची भगदड़ में 104 श्रद्धालुओं की मौत।

**चार मार्च 2010 :** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ मचने से लगभग 63 लोगों की मौत हो गई। लोग स्वयंभू धर्मगुरु द्वारा दान किए जा रहे कपड़े और भोजन लेने पहुंचे थे।

**30 सितंबर 2008 :** राजस्थान के जोधपुर शहर में चामुंडा देवी मंदिर में बम विस्फोट की अफवाह के कारण मची भगदड़ में लगभग 250 श्रद्धालु मारे गए और 60 से अधिक घायल हो गए।

**तीन अगस्त 2008 :** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नैना देवी मंदिर में चट्टान खिसकने की अफवाह के कारण मची भगदड़ में 162 लोगों की मौत हो गई, 47 घायल हो गए।

---

## राज्यसभा में खरगे-धनखड़ के बीच तीखी नोकझोंक

# मुझे न रमेश और न आप बना सकते मुझे बनाने वाले यहां बैठे हैं : खरगे

**धनखड़ ने कहा- रमेश जैसा अनुभवी आपकी मदद कर रहा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के विशेष सत्र के दौरान राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बीच तीखी नोकझोंक हुई। सभापति जगदीप धनड़ख ने कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खरगे को फटकार भी लगाई। जगदीप धनखड़ ने कहा कि मेरे में बहुत सहनशक्ति है, खून के घूंट पी सकता हूं। मैंने क्या-क्या किया है, कितना बर्दाश्त किया है और आप खड़े होकर कह देते हैं। आप यह नहीं समझते कि मैं क्या कह रहा हूं।

### धनखड़ ने कहा- चेयर का ऐसा अपमान इतिहास में नहीं किया गया



### खरगे ने कहा आपके दिमाग में आज भी वर्ण सिस्टम कायम

धनखड़ द्वारा रमेश की टिप्पणी पर खरगे ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि आपके (धनखड़) के दिमाग में आज भी वर्ण सिस्टम है। आप इसी कारण रमेश को प्रतिभाशाली बता रहे हैं और मुझे मंदबुद्धि कह रहे हैं। खरगे ने कहा कि मुझे न रमेश, न आप बना सकते हैं। पास की सीट पर बैठीं सोनिया गांधी की ओर इशारा करते हुए खरगे ने कहा कि मेरे को बनाने वाले यहां बैठे हैं।

### पीएम मोदी को राहुल का पत्र, नीट पर बहस हो



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर बुधवार को एनईईटी मुद्दे पर संसद में बहस का अनुरोध किया है। राज्यों के साथ भेदभावऔर केंद्रीय एजेंसियों को औजार बनाकर विपक्षी नेताओं को परेशान करने का आरोप लगाते हुए कई आरोप लगाए हैं।

### डीसीडब्ल्यू बंद करना चाह रही दिल्ली सरकार



**नई दिल्ली।** आप की राज्यसभा सासंद और दिल्ली महिला आयोग की पूर्व चीफ स्वाति मालीवाल ने दिल्ली सरकार पर प्रहार किया है। स्वाति ने दिल्ली सरकार पर आरोप डीसीडब्ल्यू को बंद करने की साजिश रचने का आरोप लगाया। स्वाति ने कहा कि दिल्ली सरकार महिला आयोग को बंद करने पर अड़ी हुई है और उसने 181 महिला हेल्पलाइन को भी बंद कर दिया है।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी पर सीबीआई को नोटिस



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट में मंगलवार को सीबीआई की ओर से की गई गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई हुई। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने सीबीआई को नोटिस जारी कर 7 दिन में जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 17 जुलाई को होगी।

### 80 सीट जीतने पर भी ईवीएम पर भरोसा नहीं



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि यदि उनकी पार्टी उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीट जीत जाए तब भी उन्हें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर भरोसा नहीं होगा। ईवीएम का मुद्दा मरा नहीं, और न ही खत्म हुआ है। जब तक ईवीएम नहीं हटेगी।


## हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | NIT NO 2024-25 DATED 25.06.2024 | एक्सईएन/ओपी डिवीजन, यूएचबीवीएन पुण्डरी के तहत किराया आधार पर 24*7 उपयोग किए जाने चालक सहित एसडीओ/ओपी डिवी. पुण्डरी के कार्यालय उपयोग हेतु बोलेरो/टाटा सूमो वाहन और शिकायत केन्द्र एसडीओ/ओपी उपमंडल ढांड हेतु चालक सहित सिंगल सीटर पीछे की साइड से खुले 2 अदद आउटसोर्स्ड वाहन महेन्द्र/टाटा फोर्स को किराये पर लेना। निविदा की खरीद हेतु अन्तिम तिथि व समय 10.07.2024 अप. 5.00 बजे तक और बोली जमा व खुलने की अन्तिम तिथि (तिथि व समय) 11.07.2024 अप. 2.00 बजे और अप. 3.00 बजे तक। एसडीओ ओपी यूएचबीवीएन ढांड हेतु वाहन को किराये पर लेना में महिन्द्रा पिकअप की बजाए बोलेरो के तौर पर पढ़ा जाए। अन्य नियम व शर्तें अपरिवर्तित रहेंगे। | www.uhbvn.org in | 9354726133 xenoppundri@uhbvn.org.in |
| 2 | यूएचबीवीएन | NIT NO.01/VEHICLE / SU-II / 2024.25 DATED 19.06.2024 | वाहन को किराये पर लेना निविदा की बिक्री 08.07.2024 से अप. 1.00 बजे तक और निविदा की प्राप्ति अप. 3.00 बजे तथा निविदा का खुलना उसी दिन अप. 3.30 बजे तक बढ़ा दी गई है। | www.uhbvn.org in | 1842268351 xenopsu2karnal@uhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2025/100/27396/I/88/6 दि. 02.07.24





अपनी क्षमता को उजागर करें, भारतीय नौसेना में अपना भविष्य संवारें!

**पात्रता शर्तें**

भारतीय नौसेना द्वारा अविवाहित पुरुष और अविवाहित महिला उम्मीदवारों (जो भारत सरकार द्वारा निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं) से निम्नलिखित अग्निवीर {एमआर(संगीतकार)} - 02/2024 बैच के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-

| भर्ती | शैक्षणिक योग्यताएं | जन्मतिथि |
|---|---|---|
| अग्निवीर {एमआर (संगीतकार)} | अभ्यार्थी द्वारा मैट्रिक कक्षा भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन द्वारा उत्तीर्ण की हो। | 01 नवम्बर 2003 से 30 अप्रैल 2007 (दोनों तिथियों को मिलाकर) |

संगीत संबंधी योग्यता -

(क) कीबोर्ड पर बजाए गए नोट्स के साथ पिच मिलाकर गाना।
(ख) परीक्षक द्वारा सुनाई गई ताल का ताली बजाकर अनुकरण करें।
(ग) कोई भी प्रसिद्ध गाना सुर में गाएँ।
(घ) अपने संगीत के उपकरण पर एक तैयार टुकड़ा प्रस्तुत करें।
(ड़) भारतीय/ वेस्टर्न शास्त्रीय संगीत संकेतन पढे ।
(च) ताल/राग/शैलियों का सैद्धांतिक ज्ञान हो।

LAST DATE OF ONLINE APPLICATION – 11 JULY 2024

- 01 जुलाई से 11 जुलाई 2024 तक वेबसाइट www.joinindiannavy.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन करें।
- पात्रता मानदंड और विवरण के लिए, www.joinindiannavy.gov.in और 29 जून 2024 का रोजगार समाचार देखें।

cbc 10701/13/0007/2425

JOIN INDIAN NAVY




## खबर संक्षेप

### जेलेंस्की से मिलने यूक्रेन पहुंचे हंगरी के पीएम



**बुडापेस्ट (एपी)।** हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबन यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ बातचीत करने के लिए मंगलवार को कीव पहुंचे। यह युद्धग्रस्त देश की उनकी पहली यात्रा है। हंगरी की समाचार एजेंसी बातचीत में पुष्टि की कि प्रधानमंत्री बातचीत के लिए सुबह यूक्रेन की राजधानी पहुंचे। बातचीत का मुख्य विषय यूक्रेन-रूस युद्ध पर होगा।

### रक्षा मंत्रालय-तमिलनाडु औद्योगिक विकास निगम के बीच एमओयू

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** रक्षा मंत्रालय ने तमिलनाडु औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड के साथ सोमवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत राज्य में रक्षा औद्योगिक गलियारे में मानवरहित हवाई प्रणाली (ड्रोन), इलेक्ट्रानिक वारफेयर और इलेक्ट्रो ऑप्टिक्सि डोमेन जैसी तीन अत्याधुनिक परीक्षण सुविधाएं स्थापित की जाएंगी। दो जुलाई को रक्षा मंत्रालय और तमिलनाडु औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड के बीच एक एमओयू हुआ।

### राउल ने ली पनामा के राष्ट्रपति के रूप में शपथ

**पनामा सिटी (एपी)।** जोस राउल मुलिनो ने पनामा के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। मुलिनो पर पनामा को कोलंबिया से जोड़ने वाले डेरियन



गैप से अनियमित प्रवासियों के आगमन को रोकने का दबाव है। पूर्व सुरक्षा मंत्री मुलिनो ने इस सीमा के जरिए प्रवासियों के देश के घुसने के मामलों को रोकने का वादा किया है। यह सीमा जंगल से घिरी है।

### मैत्री युद्धाभ्यास के लिए थाईलैंड रवाना सेना

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** भारत और थाईलैंड की थल सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य युद्धाभ्यास मैत्री का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष इसका 13वां संस्करण है। मैत्री युद्धाभ्यास 1 से 15 जुलाई 2024 तक थाईलैंड के टाक प्रांत के फोर्ट वाचिराप्रकन में आयोजित किया जाएगा। उधर, भारत और मंगोलिया की सेनाओं के बीच बुधवार से मेघालय के उमरोई में नोमैडिक एलिफेंट युद्धाभ्यास होगा।

## उत्तराखंड व जम्मू-कश्मीर समेत कई राज्यों में बारिश के आसार

# असम में बाढ़ से आफत, मिजोरम में भूस्खलन ने ली तीन की जान

**केदारनाथ के पास भूस्खलन बद्रीनाथ धाम में अलकनंदा का रौद्र रूप**

*देश के कई राज्यों में कुदरत का कहर देखने को मिल रहा है। कई राज्यों में लगातार बारिश के बाद भूस्खलन और बाढ़ के साथ-साथ बारिश के बाद होने वाली घटनाओं में कई लोगों के मौतें भी हुई हैं। पूर्वोत्तर के कई राज्यों में हादसे हुए हैं। केदारनाथ के पास भूस्खलन और बाढ़ की चेतावनी, बद्रीनाथ धाम में अलकनंदा नदी ने खतरे के निशान को पार किया।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में बारिश के बाद होने वाली घटनाओं में काफी बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। कही भूस्खलन तो कही बाढ़ आफत बन रही है। उत्तर पूर्वी राज्य मिजोरम और असम में हो रही लगातार बारिश से जन जीवन अस्त-व्यस्त है। मिजोरम की राजधानी आइजोल के बाहरी इलाके में भूस्खलन के बाद एक घर जमींदोज हो गया। जिसमें एक 4 साल की बच्ची के साथ तीन लोगों की मौत हो गई है।

उप्र की राजधानी लखनऊ, प्रयागराज और अयोध्या समेत 20 शहरों में सुबह से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। शिवालिक पहाड़ियों में लगातार बारिश से सहारनपुर में शाकंभरी नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। श्रद्धालु व दुकानदारों ने भागकर जान बचाई। असम के कछार जिले में मंगलवार को एक घर की दीवार गिरने से छह महीने के बच्चे समेत दो लोगों की मौत हो गई और इस हादसे में सात अन्य घायल हो गए हैं। उधार बोंड पुलिस स्टेशन क्षेत्र के चल्ताकांडी इलाके में एक कमरे में परिवार के नौ सदस्य थे, जब दीवार गिर गई, जिससे दो की मौत हो गई व कई घायल हुए है।



**असमः बाढ़ से 6.71 लाख लोग प्रभावित**

### वायुसेना ने 13 मछुआरे बचाए

*गुवाहाटी (भाषा)। असम में बाढ़ की स्थिति मंगलवार को भी गंभीर बनी रही और इस साल बाढ़ की दूसरी लहर में 20 जिलों में 6.71 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। भारतीय वायुसेना ने डिब्रूगढ़ जिले से 13 फंसे हुए मछुआरों को बचाया है। एक आधिकारिक बुलेटिन में कहा गया है कि ब्रह्मपुत्र सहित कम से कम 13 प्रमुख नदियां विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। तथा कई जिलों में भारी से बहुत भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है।*

### गुजरात में बारिश से सड़कें डूबी

*जूनागढ़ (भाषा)। गुजरात के जूनागढ़ जिले में भारी बारिश के कारण करीब 30 गांवों का संपर्क टूट गया है, क्योंकि इन गांवों तक जाने वाली सड़कें जलमग्न हो गई हैं। जिले के वंथली में मंगलवार सुबह समाप्त हुए पिछले 24 घंटे की अवधि में 361 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के सौराष्ट्र और दक्षिण क्षेत्र के दस तालुकों में 24 घंटे की अवधि में 200 मिलीमीटर से अधिक बारिश हुई।*

### मानसून अपने सामान्य समय से छह दिन पहले पूरे भारत में पहुंचा

*नई दिल्ली (भाषा)। जून के मध्य में धीमी प्रगति के बावजूद दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्य तिथि से छह दिन पहले ही पूरे देश में पहुंच गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आईएमडी ने एक बयान में कहा, ''दक्षिण-पश्चिम मानसून मंगलवार को राजस्थान, हरियाणा और पंजाब के शेष भागों में और आगे बढ़ गया। इस तरह इसने दो जुलाई तक ही पूरे देश को कवर कर लिया, जबकि यह सामान्य रूप से आठ जुलाई तक पूरे देश में पहुंचता है।'' मानसून केरल और पूर्वोत्तर क्षेत्र में 30 मई को पहुंचा था, जो सामान्य से दो से छह दिन पहले है। आईएमडी ने बताया कि मानसून अपने सामान्य समय से छह दिन पहले ही पूरे भारत में पहुंच गया। यह महाराष्ट्र तक सामान्य रूप से आगे बढ़ा, लेकिन इसकी गति धीमी पड़ गई जिसके कारण पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में बारिश का इंतजार बढ़ गया तथा उत्तर-पश्चिम भारत में भीषण गर्मी का प्रकोप और अधिक बढ़ गया। देश में 11 जून से 27 जून तक 16 दिन सामान्य से कम वर्षा दर्ज की गई, जिसके कारण जून में कुल मिलाकर सामान्य से कम वर्षा हुई। जून महीने में 147.2 मिमी वर्षा हुई, जबकि इस महीने में सामान्य रूप से 165.3 मिमी वर्षा होती है, जो 2001 के बाद से सातवीं सबसे कम वर्षा है। देश में चार महीने के मानसून के दौरान होने वाली कुल वर्षा 87 सेंटीमीटर में से 15 प्रतिशत बारिश जून महीने में होती है।*

## पूर्व राजनयिक बोले, भारत ने बताया

# आतंक को किसी भी खांचे में रखकर नहीं देखना चाहिए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

एयर इंडिया से जुड़े करीब 40 साल पुराने कनिष्क बम धमाके में मारे गए 329 भारतीय नागरिकों की याद में संसद के दोनों सदनों में हालिया रखे गए दो मिनट के मौन को लेकर देश के कूटनीतिक हलकों से महत्वपूर्ण प्रतक्रिया सामने आई है। इसमें कुछ पूर्व राजनयिकों का कहना है कि इसके जरिए भारत ने आतंकवाद पर दुनिया को दो बड़े संदेश दिए हैं। एक में वह कनाडा समेत बाकी दुनिया के देशों को यह साफ कर रहा है कि आतंकवाद की समस्या को लेकर उसकी सरकार और आम जनता का रुख एक समान है। जबकि दूसरे में भारत ने यह बताने की कोशिश की है कि आतंकवाद को किसी खांचे में रखकर नहीं देखा जाना चाहिए। क्योंकि आतंकवादियों का कोई देश, सीमा, धर्म, जाति या संप्रदाय नहीं होता है।

### आतंकवाद पर दोहरे मापदंड नहीं होने चाहिए

पूर्व राजदूत अनिल त्रिगुणायत ने कहा कि जब 1985 में यह घटना हुई थी। उस वक्त मुझे अच्छी तरह से याद है कि कनाडा की सरकार ने खालिस्तानी चरमपंथियों को बुलाकर अपने देश की नागरिकता प्रदान की थी। कनाडा की संसद में निज्जर की मौत पर कुछ देर के लिए मौन भी रखा। भारत ने संसद में कनिष्क बम धमाके में मारे गए लोगों की याद में रखे गए मौन के जरिए कनाडा समेत समूची दुनिया को यह बता दिया कि वह दशकों से आतंक के खिलाफ लड़ता रहा है। पूर्व राजदूत अशोक सज्जनहार ने कहा कि भारत लगातार विभिन्न मंचों से कनाडा द्वारा खालिस्तानी आतंकवादियों को मिल रहे समर्थन का मामला उठाता रहा है। लेकिन इस बार हमारी सरकार ने संसद में भी इस मामले को उठाया। यौंकि यहां का संदेश राजनीति से परे एक मुल्क की आम जनता की आवाज के रूप में लिया जाता है।

### राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि इस वर्ष पांच सितंबर को राष्ट्रीय शक्षिक पुरुस्कार से 50 शक्षिकों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राजधानी के विज्ञान भवन में सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए ऑनलाइन नामांकन की प्रक्रिया की शुरुआत हो गई है। नामांकन करने की अंतिम तारीख 15 जुलाई है। नामांकन के बाद शिक्षकों के चयन की प्रक्रिया त्रस्तिरीय होगी।




## फ्लांइग का लेंगे प्रशिक्षण

### वायु सेना प्रमुख चौधरी ने हथियार प्रणाली स्कूल का उद्घाटन किया



**हैदराबाद(एजेंसी)।** वायु सेना प्रमुख (सीएएस) एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने हैदराबाद के एयर फोर्स स्टेशन बेगमपेट में हथियार प्रणाली स्कूल (डब्ल्यूएसएस) का उद्घाटन किया। इसके साथ ही भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के इतिहास में एक नया अध्याय का शुभारंभ हुआ है। वायु सेना प्रमुख (सीएएस) ने 08 अक्टूबर, 2022 वायु सेना दिवस परेड समारोह के दौरान हथियार प्रणाली स्कूल के गठन की घोषणा की थी। वर्ष 2022 में भारतीय वायुसेना में अधिकारियों की एक नई इकाई हथियार प्रणाली स्कूल (डब्ल्यूएसएस) को स्वीकृति देने के बाद इसकी शुरूआत हुई।

## नई सरकार की तैयारी



### नेपाली कांग्रेस और सीपीएन यूएमएल ने समझौता किया

**काठमांडू (भाषा)।** नेपाल में नाटकीय घटनाक्रम के तहत दो सबसे बड़े दलों नेपाली कांग्रेस और सीपीएन-यूएमएल ने प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' को सत्ता से बेदखल करने के लिए एक नयी 'राष्ट्रीय सरकार' बनाने के वास्ते आधी रात को एक समझौता किया। पूर्व विदेश मंत्री नारायण प्रकाश सौद के अनुसार, नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष तथा पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने नयी गठबंधन सरकार बनाने के लिए सोमवार मध्यरात्रि को समझौते पर हस्ताक्षर किए।

## भारत नई इबारत लिखेगा

### इंदिरा के बाद ऑस्ट्रिया के साथ संबंधों को मजबूत करने मोदी जाएंगे वियाना, मॉस्को भी

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** पीएम मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में पहली बार रूस और ऑस्ट्रिया की यात्रा पर निकलेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय में इन यात्राओं को लेकर तैयारी चल रही है। आगामी 8-9 को प्रधानमंत्री रूस की राजधानी मॉस्को में रहेंगे जब कि अगले फिर, 9-10 ऑस्ट्रिया की



राजधानी वियाना में। पडोसी देशों के साथ दो पक्षीय संबंधों को खादपानी देने के साथ प्रधानमंत्री की इटिनरी में ऐसे कई अनौपचारिक कार्यक्रमों को भी जोडा गया है जिससे मॉस्को-और वियाना के साथ भारत आपसी संबंधों की नई इबारत लिख सके। फरवरी 2022 के बाद और रूस-युक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद यह पहला मौका होगा जब मोदी मॉस्को में पुतिन के साथ वार्ता टेबल पर संग साथ बैठेंगे।




## संसद | लोकसभा में पीएम का विपक्ष पर हमला, 99 सीटें सहयोगी दलों ने जितवाई

# कांग्रेस अब परजीवी हो गई, सहयोगी दलों की कीमत पर फल-फूल रही

**परजीवी जिस शरीर के साथ रहता है उसी को खाता है**

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस पर अराजकता फैलाने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि मुख्य विपक्षी दल को अब से परजीवी पार्टी के रूप में जाना जाएगा जो अपने सहयोगी दलों की कीमत पर फलती फूलती है।

कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए मोदी ने लोकसभा में कहा, 'कांग्रेस पार्टी 2024 से परजीवी कांग्रेस पार्टी के रूप में जानी जाएगी। परजीवी वो होता है जो जिस शरीर के साथ रहता है, उसी को खाता है। कांग्रेस भी जिस पार्टी के साथ गठबंधन करती है, उसी के वोट खा जाती है। उन्होंने कहा, 'मैं जब परजीवी कह रहा हूं तो तथ्यों के आधार पर कह रहा हूं। जहां-जहां भाजपा और कांग्रेस का सीधा मुकाबला था या कांग्रेस बड़ी पार्टी थी, वहां कांग्रेस का 'स्ट्राइक रेट' सिर्फ 26 प्रतिशत है। लेकिन जहां ये किसी का पल्लू पकड़कर चलते थे, जहां जूनियर सहयोगी थे, जहां किसी अन्य दल ने उन्हें कुछ मौका दे दिया, ऐसे राज्यों में कांग्रेस का 'स्ट्राइक रेट' 50 प्रतिशत है।'

### पीएम ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर दिया चर्चा का जवाब



**कांग्रेस नेता हिंदुओं को कोस रहे, समाज को सोचना होगा यह अपमान प्रयोग है या संयोग**

•

**विपक्ष का हंगामा, तानाशाही नहीं चलेगी, मणिपुर और न्याय दो न्याय दो के नारे लगे**

### सहयोगियों ने जिताई कांग्रेस

मोदी ने 'इंडि' गठबंधन में कांग्रेस के सहयोगी दलों का जिक्र करते हुए कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस को मिलीं 99 सीट में से ज्यादातार सीट उनके सहयोगियों ने जिताई हैं इसलिए यह परजीवी कांग्रेस है। 16 राज्यों में जहां कांग्रेस अकेले लड़ी, वहां उसका वोट प्रतिशत गिर गया। उन्होंने द्रमुक, समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस आदि दलों का नाम लिए बिना कहा, 'मुझे नहीं पता कि कांग्रेस के साथी दलों ने इस चुनाव के परिणाम का विश्लेषण किया या नहीं। इन साथियों के लिए भी चुनाव में संदेश है। गुजरात, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में जहां कांग्रेस अपने दम पर लड़ी, वहां 64 में से 2 ही सीट जीत पाई। इसका साफ मतलब है कि इस चुनाव में कांग्रेस पूरी तरह परजीवी बन चुकी है। कांग्रेस ने सहयोगियों के जो वोट खाए हैं, वो ना खाए होते तो लोस में उनके लिए इतनी सीट भी जीत पाना बहुत मुश्किल था।'

### भाषण के हटाए गए शब्दों पर भड़के राहुल

*कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में अपने भाषण के कुछ हिस्सों को कार्यवाही से हटाने के खिलाफ स्पीकर ओम बिरला को चिट्ठी लिखी। उन्होंने कहा कि मेरे*



*विचारों को कार्यवाही से हटाना संसदीय लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है। भाषण के हटाए गए हिस्सों को फिर से बहाल किया जाना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि मैंने सदन में सच्चाई रखी। हर सांसद का अधिकार है कि वो संसद में लोगों से जुड़े मुद्दे उठाए। इसको ध्यान में रखते हुए ही मैंने अपना भाषण दिया था।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25